**सुविचार**

॥ कभी किसी का व्यर्थ अपमान मत करो,
आप शक्तिशाली हो अच्छी बात है,
लेकिन समय आप से भी अधिक शक्तिशाली है ये कभी मत भूलो। ॥

# प्रथम न्यूज

PRATHAM NEWS

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

Website: www.prathamnews.in

email:- dainikprathamnews@gmail.com

Pratham News

@dainikprathamnews




दिल्ली ने पंजाब के मुंह से छीनी जीत, किंग्स ने लगाया हार का चौका...

» पृष्ठ 7 पर


जालंधर, वर्ष: 16 अंक : 130 | दिनांक : मंगलवार, 12 मई 2026 | सम्पादक : विवेक धीर | सम्पर्क: | 97796-00900 | पन्ने- 8 | मूल्य: ₹ 2.00/- | RNI No I PUNHIN/2010/36540


प्रधानमंत्री मोदी की संयम की अपील के बीच सरकार ने कहा

# पर्याप्त है पेट्रोल-डीजल और एलपीजी

## देश में कच्चे तेल का 60 दिन का भंडार उपलब्ध : राजनाथ

## लोगों को घबराने और पेट्रोल पंपों पर भीड़ लगाने की जरूरत नहीं

- अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ने के बावजूद भारत में ईंधन के दाम स्थिर रखे गए
- कहा, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल रिफाइनर

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

11 मई ( एएम नाथ )

एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भले देश को संयम के साथ पेट्रोल-डीजल के इस्तेमाल की उचित नसीहत दी तो दूसरी तरफ सरकार ने भरोसा दिलाया कि देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की कोई कमी नहीं है। भारत के पास 60 दिन का कच्चा तेल भंडार है। 60 दिन का प्राकृतिक गैस



स्टॉक भी मौजूद है। साथ ही एलपीजी का 45 दिन का स्टॉक उपलब्ध है। आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया के संकट पर पांचवी मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता की। सरकार ने कहा कि लोगों को घबराने और पेट्रोल पंपों पर भीड़ लगाने की जरूरत नहीं है। देश मे विदेशी मुद्रा भंडार 703 अरब डॉलर है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल रिफाइनर है। सरकार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बहुत बढ़ी हुई हैं। इसके बावजूद भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखे गए हैं। तेल कंपनियां रोज करीब 1000 करोड़ रुपये का नुकसान उठा रही हैं। लेकिन सरकार नहीं चाहती कि महंगे तेल का बोझ जनता पर पड़े।

### PM मोदी ने लोगों से की ईंधन बचाने की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से ईंधन बचाने की अपील की है। उन्होंने लोगों से मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल बढ़ाने को कहा। कार पूलिंग अपनाने की भी सलाह दी। सरकार ने अनावश्यक विदेश यात्रा कम करने को कहा। घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने की अपील की गई। इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी। वहीं किसानों से रासायनिक खाद का उपयोग 50त्न कम करने को कहा गया। प्राकृतिक खेती और सोलर पंप अपनाने पर जोर दिया गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ऊर्जा आपूर्ति को जारी रखना है।

आर्थिक स्थिरता और समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा भी अहम है। सरकार ने कहा कि जरूरी सामानों की पर्याप्त उपलब्धता है। लोगों को ज्यादा खरीदारी करने की जरूरत नहीं है। एमएसएमई और उद्योगों के लिए राहत उपाय भी घोषित किए गए। सरकार ने 2.55 लाख करोड़ रुपये की इमरजेंसी क्रेडिट योजना मंजूर की है। खाद की उपलब्धता भी पर्याप्त बताई गई। सरकार के अनुसार देश में खाद का स्टॉक पिछले साल से ज्यादा है।

### तैयारी बनाए रखने के लिए जरूरी

बैठक में राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान में ईंधन संरक्षण केवल तत्काल बचत के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की दीर्घकालिक क्षमता निर्माण और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि संकट लंबा चलता है तो अपनी तैयारी बनाए रखने के लिए अभी से जिम्मेदार तरीके से खपत की संस्कृति विकसित करना आवश्यक है।

# हम पर न जाने कितने प्रतिबंध लगे : मोदी

## कहा, पोखरण में आज ही के दिन हुआ था न्यूक्लियर टेस्ट, 11 मई 1998 को भारत ने पोखरण में पहले तीन परमाणु परीक्षण किए थे

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

11 मई ( एएम नाथ )

पीएम मोदी ने आज सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अपनी स्पीच में उन्होंने इस खास मौके पर एक और महत्वपूर्ण चीज की याद दिलाई। आज ही के दिन भारत ने 1998 में परमाणु परीक्षण किया था। तब देश में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी। पीएम ने भारत के वैज्ञानिकों के सामर्थ्य की खूब तारीफ की।

आज के ही दिन हुआ था पोखरण में परमाणु टेस्टिंग

पीएम मोदी ने गिर में सोमनाथ मंदिर से जुड़े खास कार्यक्रम में कहा कि आज का दिन एक और वजह से भी विशेष है। 11 मई, 1998 यानी आज के ही दिन देश ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था। देश ने 11 मई को पहले 3 परमाणु परीक्षण किए। हमारे वैज्ञानिकों ने भारत के सामर्थ्य को, भारत की क्षमता को दुनिया के सामने रखा। दुनिया में तूफान आ गया कि भारत कौन होता है, उसकी ये हैसियत, जो परमाणु परीक्षण करे। दुनिया भर की शक्तियां भारत को दबोचने के लिए मैदान में उतरी, अनेक प्रकार के बंधन लग गए, आर्थिक संभावनाओं के सारे रास्ते बंद कर दिए गए।



अटल जी के नेतृत्व में भारत ने कर दिखाया

पीएम मोदी ने आगे बताया कि 11 मई के बाद दुनिया हम पर टूट पड़ी थी, लेकिन 13 मई को फिर 2 और परमाणु परीक्षण हुए थे। उससे दुनिया को पता चला था कि भारत की राजनीतिक इच्छाशक्ति कितनी अटल है। उस समय पूरी दुनिया का दबाव भारत पर था, लेकिन अटल जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने दिखाया था कि हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है। दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती।

## संक्षिप्त न्यूज

### देश के दूसरे सबसे अमीर CM बने विजय, 648 करोड़ की संपत्ति के मालिक

117 करोड़ के बंगले, 13.5 करोड़ की लग्जरी गाड़ियां; संपत्ति के मामले में विजय का बड़ा जलवा



**नई दिल्ली ( ब्यूरो )**- तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय देश के दूसरे सबसे अमीर मुख्यमंत्री बन गए हैं। उनके पास कुल 648.85 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिसमें चल और अचल दोनों संपत्तियां शामिल हैं। संपत्ति के मामले में उनसे आगे केवल आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू हैं, जिनकी कुल संपत्ति 931 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है। विजय की घोषित संपत्ति में 426 करोड़ रुपये की चल संपत्ति शामिल है। उनके बैंक खातों में करीब 330.48 करोड़ रुपये जमा हैं। इसके अलावा उनके पास 6.47 करोड़ रुपये के सोने-चांदी और अन्य बहुमूल्य आभूषण हैं। विजय के पास 7 लग्जरी गाड़ियां भी हैं, जिनकी कीमत लगभग 13.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

अचल संपत्तियों की बात करें तो विजय के नाम 11 आलीशान बंगले दर्ज हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 117 करोड़ रुपये आंकी गई है। तमिलनाडु विधानसभा में विजय दूसरे सबसे अमीर विधायक भी हैं। राज्य में सबसे अमीर विधायक एआईएडीएमके की लीमा रोज मार्टिन हैं, जिनकी संपत्ति 5,863 करोड़ रुपये बताई गई है। वहीं टीवीके विधायक आधव अर्जुन 534 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

पंजाब मंत्रीमंडल में बड़ा फेरबदल

### संजीव अरोड़ा के विभागों का हुआ बंटवारा

**चंडीगढ़ ( एएम नाथ )**- पंजाब की राजनीति से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। राज्य सरकार ने अपने मंत्रियों के विभागों में अहम फेरबदल किया है। इस नए फैसले के तहत मंत्री संजीव अरोड़ा के पास रहे विभागों का पुनर्वितरण किया गया है और कई वरिष्ठ मंत्रियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पंजाब सरकार की नई व्यवस्था के अनुसार, अब हरजोत सिंह बैंस को स्थानीय निकाय (लोकल बॉडी) विभाग का नया मंत्री नियुक्त किया गया है। इस विभाग में नगर निगमों और शहरी विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य आते हैं, इसलिए यह जिम्मेदारी काफी अहम मानी जा रही है। वहीं, अमन अरोड़ा को उद्योग (इंडस्ट्री) विभाग की जिम्मेदारी दी गई है, जो राज्य में निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके अलावा तरुणप्रीत सिंह सौंद को बिजली विभाग का प्रभार सौंपा गया है। बिजली विभाग राज्य के बुनियादी ढांचे और जनता की रोजमर्रा की जरूरतों से सीधे जुड़ा हुआ है, इसलिए इस विभाग की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रहती है।

## हिमाचल के जिला चम्बा के ककीरा में दर्दनाक हादसा

# चम्बा-पठानकोट हाईवे पर दर्दनाक हादसा, खाई में गिरी इनोवा; छह पर्यटकों की मौत

- भारी बारिश और फिसलन के बीच 150 मीटर गहरी खाई में गिरी टैक्सी, चार गंभीर घायल टांडा रेफर
- गुजरात के पर्यटक थे सवार, रातभर चले राहत-बचाव अभियान के बाद निकाले गए शव और घायल

» प्रथम न्यूज । चम्बा

11 मई ( एएम नाथ )

चम्बा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तुनुहट्टी क्षेत्र के ककीरा घार के पास रात करीब तीन बजे हुआ, जब धर्मशाला से डलहौजी की ओर जा रही टैक्सी इनोवा अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के समय क्षेत्र में भारी बारिश हो रही थी और सड़क पर अत्यधिक फिसलन बनी हुई थी। प्रारंभिक तौर पर खराब मौसम और फिसलन को दुर्घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त वाहन मंडी नंबर की टैक्सी इनोवा थी, जिसमें कुल दस लोग सवार थे। इनमें अधिकांश पर्यटक गुजरात के बताए जा रहे हैं। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस व प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गए। अंधेरे और लगातार हो रही बारिश के बीच राहत कार्य चलाना बेहद चुनौतीपूर्ण रहा।

राहत दल ने काफी मशक्कत के बाद खाई में गिरे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में घायल चार लोगों को प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर हालत के चलते मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर किया गया है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

पुलिस ने मृतकों की पहचान ललितभाई पतनानी निवासी गुजरात, ममताबेन पत्नी ललितभाई, काजल पत्नी प्रियंक कन्हैयालाल भोपानी, दियान्श पुत्र प्रियंक कन्हैयालाल भोपानी, प्रियंक कन्हैयालाल भोपानी तथा जसवंत कुमार निवासी गांव कोहरा, डाकघर संथल, तहसील जोगिंदरनगर जिला मंडी के रूप में की है। वहीं घायलों में मयंक ललितभाई पतनानी, फोरमबेन मयंक पतनानी, जियान्श मयंक ललितभाई पतनानी (3 वर्ष) और प्रियान्शी भोपानी (3 वर्ष) शामिल हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक चम्बा विजय कुमार सकलानी भी मौके पर पहुंचे और हादसे के कारणों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। प्रशासन की ओर से मृतकों और घायलों के परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।





एसपी विजय कुमार सकलानी ने कहा कि ककीरा घार के पास हुए इस दर्दनाक सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को तत्काल घटनास्थल पर भेजा गया था। प्रारंभिक जांच में भारी बारिश, खराब मौसम और सड़क पर फिसलन को हादसे की संभावित वजह माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया था और घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।



### हिमाचल की डिजिटल पहल 'हिमपरिवार' को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**शिमला ( एएम नाथ )**- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं सुशासन विभाग (DTG) की ई-गवर्नेंस और नागरिक केंद्रित डिजिटल पहलों को मिले राष्ट्रीय पुरस्कारों पर विभाग की सराहना की है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, विभाग की प्रमुख पहल 'हिमपरिवार' को ET GovTech Awards 2026 में 'सर्वश्रेष्ठ राज्य स्तरीय ई-गवर्नेंस पहल' श्रेणी में रजत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार द इकोनॉमिक्स टाइम्स की ओर से प्रदान किया गया।

इसके अलावा विभाग के 'सर्वे प्लेटफॉर्म' को ई-गवर्नेंस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए SKOCH Award 2025 से सम्मानित किया गया। वहीं 'हिमपरिवार', 'हिमएक्सेस सिंगल साइन-ऑन (SSO)' और 'सर्वे प्लेटफॉर्म' पहलों को भी स्कॉच समूह द्वारा 'स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट' सम्मान प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विभाग के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य सरकार तकनीक और नवाचार के माध्यम से लोगों को प्रभावी, पारदर्शी और सुलभ सार्वजनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि डिजिटल पहलें सुशासन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# CM भगवंत मान के चचेरे भाई ज्ञान सिंह मान BJP में शामिल, पंजाब की राजनीति में हलचल

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

11 मई ( एएम नाथ )

पंजाब की राजनीति में विधानसभा चुनाव 2027 से पहले हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक दल अपने संगठन को मजबूत करने और विरोधियों के खेमे में सेंध लगाने में जुटे हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के परिवार में ही राजनीतिक सेंध लगा दी है। मुख्यमंत्री के चचेरे भाई ज्ञान सिंह मान सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए।

ज्ञान सिंह मान को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा नेताओं ने आम आदमी पार्टी और पंजाब सरकार पर जमकर निशाना साधा।

ज्ञान सिंह मान पहले आम आदमी पार्टी के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में AAP के कैंपेन इंचार्ज के रूप में भी काम किया था। ऐसे में उनका भाजपा में शामिल होना मुख्यमंत्री भगवंत मान के लिए राजनीतिक और पारिवारिक दोनों स्तर पर बड़ा झटका माना जा रहा है।

भाजपा में शामिल होने के दौरान ज्ञान सिंह मान के साथ दो अन्य युवा नेताओं ने भी पार्टी का दामन थामा।

### नायब सैनी और सुनील जाखड़ ने दिलाई BJP की सदस्यता, AAP पर साधा निशाना

इस मौके पर सुनील जाखड़ ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यशैली और चरित्र को करीब से देखने के बाद इन नेताओं ने भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी जॉइन की है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में पंजाब में भाजपा का जनाधार और मजबूत होगा।

प्रेस वार्ता के दौरान जाखड़ ने पंजाब में प्रवर्तन निदेशालय (ED) की कार्रवाई को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि पंजाब में ED की रेड भ्रष्टाचार के खिलाफ हो रही हैं और ये आगे भी जारी रहेंगी। जाखड़ ने कहा कि जरूरत पड़ी तो CBI की कार्रवाई भी होगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि ED की कार्रवाई के बाद आम आदमी पार्टी दबाव की राजनीति और गुंडागर्दी पर उतर आई है, जिसे पंजाब की जनता देख रही है। जाखड़ ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पंजाब है, इसे ममता बनर्जी का बंगाल नहीं बनने देंगे। उन्होंने दावा किया कि बंगाल की तरह अब पंजाब की जनता भी आम आदमी पार्टी से हिसाब लेने की तैयारी में है।





## संक्षिप्त न्यूज

### 2026 बेअदबी कानून के तहत शिकायत के तीन दिन बाद भी मामला दर्ज नहीं किया

**अमृतसर ( साहिब दयाल )** पूर्व आईएएस अधिकारी, जनरल सेक्रेट्री बीजेपी पंजाब डॉ. जगमोहन सिंह राजू ने पंजाब सरकार पर गंभीर प्रशासनिक निष्क्रियता और राजनीतिक दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जून 1984 के दौरान श्री हरिमंदिर साहिब परिसर, अमृतसर में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के स्वरूपों/बीरों को कथित रूप से पहुंचाए गए नुकसान एवं बेअदबी के संबंध में जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम, 2026 के तहत मामला दर्ज करने की मांग वाली उनकी शिकायत पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। डॉ. राजू ने बताया कि तीन दिन पहले यह शिकायत पुलिस कमिश्नर, अमृतसर को औपचारिक रूप से सौंपी गई थी, लेकिन अब तक शिकायत की आधिकारिक प्राप्ति तक दर्ज नहीं की गई। उन्होंने आगे खुलासा किया कि जब संबंधित क्षेत्राधिकार वाले पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाने हेतु शिकायत की प्रति जमा करवाने का प्रयास किया गया, तो पुलिस अधिकारियों ने कथित तौर पर कार्रवाई करने से इनकार कर दिया और मौखिक रूप से कहा कि उन्हें ऊपर से निर्देश हैं कि इस मामले में आगे कार्रवाई न की जाए। डॉ. राजू ने इस स्थिति को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए कहा कि इससे पंजाब सरकार की नव-प्रवर्तित बेअदबी कानून को लागू करने की गंभीरता पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री भगवंत मान पूरे पंजाब में बेअदबी कानून को अपनी ऐतिहासिक उपलब्धि बताकर प्रचारित कर रहे हैं। लेकिन जब इसी कानून के तहत औपचारिक शिकायत दी जाती है, तो पुलिस प्रशासन उसे स्वीकार करने तक को तैयार नहीं है, मामला दर्ज करना तो दूर की बात है। डॉ. राजू ने आरोप लगाया कि इस कानून का इस्तेमाल केवल राजनीतिक संदेश देने और जनभावनाओं को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है, जबकि जून 1984 से जुड़े मामलों में इसके उपयोग को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा, शिकायत को प्रक्रिया में भी न लाना सरकार की मंशा पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

### श्रीमद्भागवत कथा आयोजन में डॉ. इंदरपाल सम्मानित



**अमृतसर ( साहिब दयाल )** गुमटाला के वार्ड नंबर 2 गली नंबर 9 सामने जुझार एवेन्यू में भव्य श्रीकृष्ण कथा और श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भक्तगण श्री कृष्ण के जन्म, उनकी लीलाओं (माखन चोरी, नंदोत्सव) और धर्म की स्थापना के प्रसंगों को सुनकर भावविभोर हो गए जहाँ प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अशोक व्यास द्वारा कथा सुनाई गई। कथा आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी एससी विंग के जिला प्रधान डॉ इंदरपाल एवं भक्तों ने भाग लिया, जहाँ उन्हें विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। संगीतमय भजन और कृष्ण की झांकियों से पंडाल राधे-राधे के जयघोष से गूंजे। डॉ . इंदरपाल ने शामिल होकर आशीर्वाद लिया और श्री कृष्णा जी के पद चिन्हित पर चलने का प्रण लिया। इस मौके पर कृष्ण तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, सोनू सरकारिया, अमन भनोट, सोम नाथ, विजय कुमार, सुरिंदर खुराना, सनी बबर और इलाका निवासीयों ने आशीर्वाद लिया।

### होशियारपुर ज़िले के 1300 दवा विक्रेता 20 मई को आल इंडिया की देशव्यापी कैमिस्टों की हड़ताल में शामिल होंगे : रमन शर्मा

**होशियारपुर ( तरसेम दीवाना )** - ज़िला कैमिस्टों ऐसोसिएशन के जरनल सचिव रमन शर्मा ने बताया कि होशियारपुर ज़िले के 1300 दवा विक्रेता 20 मई को आल इंडिया की देशव्यापी कैमिस्टों की हड़ताल में शामिल होंगे। उन्होंने सभी कैमिस्टों से अपील की कि 20 मई को दवाईयों की सभी दुकानें बन्द रखने का फैसला लिया गया है। जिसका कारण नकली तथा नशीली आनलाईन दवाईयों की बिक्री बन्द की जाये तथा कार्पोरेट कम्पनी की मनमानी बन्द करने की मांग की गई है। जिससे कैमिस्टों को आने वाली मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें सरकार को हमारी मांगों की ओर ध्यान देना चाहिये तांकि दवाईयां बेचने तथा खरीदने में कोई मुश्किल पेश न आये। आनलाईन द्वारा ग्राहकों को नकली तथा नशीली दवाईयां दी जा रही है जिससे उनकी सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।



बिना डाक्टर की पर्ची तथा सलाह के बिना दवाईयां लेना सेहत के लिए घातक हो सकता है। आनलाईन दवाईयों के लाईसैंस तथा टैंपरेचर तथा स्टैंडर्ड सही नही हो सकता जिससे मरीज़ की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। यह दवाईयां कहां से आई, कहां पर बेची गई इसका बिल वगैरह नही है, इसकी गुणवत्ता कहां से आयेगी। इस हड़ताल में देश के 12,40,000 तथा पंजाब के 27,800 दवा विक्रेता भाग लेंगे। इस सम्बन्ध में ज़िला प्रधान की सरपरस्ती में ज़िला कैमिस्ट के समूह ओहदेदार, मैंबर पार्लियमैंट डॉ.राजकुमार, सिवल सर्जन होशियारपुर तथा ड्रग्ज़ विभाग के उच्च अधिकारियों को मैमोरैंडम दिये जायेंगे।

# गुरुद्वारा जोतीसर साहिब पहुंचे मुख्यमंत्री भगवंत मान, बेअदबी विरोधी कानून के लिए किया शुक्राना

**बेअदबी करने की अब कोई हिम्मत नहीं करेगा : भगवंत मान, कहा, व्हाइट हाउस से चल रही देश की बागडोर, केंद्र एजेंसियों का हो रहा दुरुपयोग**

» प्रथम न्यूज । संगरूर
11 मई ( ब्यूरो )

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को गांव खुराना स्थित गुरद्वारा ज्योतिसार साहिब में माथा टेककर जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम-2026 को लागू करने का बल बख्शने के लिए ईश्वर का शुक्रिया अदा किया। मुख्यमंत्री श्री अखंड पाठ साहिब के भोग अवसर पर संगत के साथ अरदास में भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी रोकने के लिए बनाया गया यह सख्त कानून पंथ और समस्त संगत को राहत और संतुष्टि देने वाला है। उन्होंने कहा कि अब भविष्य में कोई भी बेअदबी जैसा अक्षम्य अपराध करने की हिम्मत नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के कोने-कोने में लोग इस ऐतिहासिक कानून के पारित होने पर धन्यवाद समारोह आयोजित कर रहे हैं, क्योंकि यह लोगों की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा विषय है।

अपने एक्स हैंडल पर तस्वीरें साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री जोतीसर साहिब में माथा टेकने का सौभाग्य मिला, जहां उन्होंने मीरी-पीरी के मालिक श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के चरणों में नतमस्तक होकर बेअदबी के खिलाफ सख्त कानून बनाने की शक्ति देने के लिए गुरु साहिब का धन्यवाद किया। उन्होंने पंजाब की चढ़दी कला, सर्वजन भलाई और राज्य को फिर से रंगला पंजाब बनाने के लिए आशीर्वाद भी मांगा।





मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को देश की वास्तविक स्थिति के बारे में लोगों को सच बताना चाहिए। मान ने आरोप लगाया कि देश के बड़े फैसले व्हाइट हाउस की सहमति से लिए जा रहे हैं और भारत की संप्रभुता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार राजनीतिक विरोधियों को डराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। पंजाब में ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि एजेंसियां विपक्ष की आवाज दबाने का माध्यम बन चुकी हैं। उन्होंने दोहराया कि पंजाबी कभी भी दबाव की राजनीति के आगे नहीं झुकेंगे और भाजपा की कथित चालों का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देंगे।

## नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 तस्करों को दबोचा, भारी मात्रा में शराब और हेरोइन बरामद




» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
11 मई ( संदीप सन्नी )

गुरदासपुर पुलिस ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर हेरोइन और अवैध शराब सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब की बड़ी खेप जब्त- आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुल 1,12,500 एम.एल. अवैध शराब बरामद की है:

**-थाना दीनानगर :** पुलिस ने बलविंदर कुमार को एक स्कूटी सहित गिरफ्तार किया और उससे 37,500 एम.एल. अवैध शराब बरामद की।

**-थाना तिब्बड़ :** सुरजान मसीह और लवली नामक दो व्यक्तियों को स्कूटी सहित काबू कर उनसे 60,000 एम.एल. शराब जब्त की गई।

**-थाना काहनूवान :** रफीक सिंह को 15,000 एम.एल. अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार- नशा तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान थाना बहरामपुर की पुलिस टीम ने गुरप्रीत कुमार को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 04 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एस.एस.पी. की अपील- एस.एस.पी. आदित्य ने आम जनता से अपील की है कि वे नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि जिला पुलिस गुरदासपुर को नशा मुक्त बनाने के लिए पूरी तरह से वचनबद्ध है।

## बहल ने गांव काला नंगल के स्पोर्ट्स क्लब को 5 लाख रुपए का चेक सौंपा

» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
11 मई ( संदीप सन्नी )

पंजाब सरकार द्वारा युवाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता के तहत हलका इंचार्ज रमन बहल ने गांव काला नंगल में विशेष ग्रांट के चेक सौंपे। कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क द्वारा सितंबर 2025 में शहीद मेजर भगत सिंह स्पोर्ट्स क्लब के लिए घोषित 5 लाख रुपए की राशि का चेक बहल ने गांव के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में क्लब के प्रतिनिधियों को दिया।



**वरसोला और हमराजपुर के क्लबों को भी मिली ग्रांट**

इसके अलावा, पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल द्वारा गांव वरसोला में बाबा गुज्जा पीर मेले के दौरान की गई घोषणा के अनुसार, बहल ने गांव हमराजपुर और वरसोला के स्पोर्ट्स क्लबों के लिए ढाई-ढाई लाख रुपए के चेक भी सौंपे।

**नौजवानों को बचाने के लिए खेल जरूरी**

गांव वासियों को संबोधित करते हुए रमन बहल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली सरकार का मुख्य उद्देश्य पंजाब की जवानी को नशे के दलदल से निकालकर खेल मैदानों से जोड़ना है। गांवों में खेल संस्कृति को प्रफुल्लित करने के लिए फंड की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क का विशेष रूप से धन्यवाद किया।

**ये प्रमुख हस्तियां रहीं उपस्थित**

इस अवसर पर सरपंच निर्मल कौर (काला नंगल), क्लब प्रधान सरबजीत सिंह, हरबंस सिंह, सुखबीर सिंह, तरलोक सिंह, विलियम मसीह, वरिष्ठ आप नेता रणजीत सिंह (हेमराजपुर), नंबरदार गुरशरण सिंह, मोहन सिंह लक्खोवाल, पूर्व सरपंच हरप्रीत सिंह गोल्डी, मोहन सिंह वाहला, डॉ. सुखविंदर सिंह और वरसोला क्लब के प्रधान संदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# पंजाब में नगर निकाय चुनाव का ऐलान, 26 मई को मतदान

## पंजाब के 8 नगर निगमों समेत 97 निकायों में चुनावी बिगुल, 13 मई से नामांकन शुरू, 29 मई को आएंगे नतीजे

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
11 मई ( एएम नाथ )

पंजाब में नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों का बिगुल बज गया है। राज्य चुनाव आयोग ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी। आयोग के अनुसार प्रदेश में 26 मई को मतदान होगा, जबकि मतगणना 29 मई को करवाई जाएगी। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। चुनाव घोषणा के साथ ही पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है।




चुनाव आयोग के मुताबिक नामांकन प्रक्रिया 13 मई से शुरू होगी और 16 मई तक चलेगी। उम्मीदवार रोजाना सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

इस बार पंजाब के आठ नगर निगमों में चुनाव कराए जाएंगे। इनमें मोहाली, बठिंडा, अबोहर, बरनाला, कपूरथला, मोगा, बटाला और पठानकोट नगर निगम शामिल हैं। इसके अलावा 76 नगर काउंसिल और 21 नगर पंचायतों में भी मतदान होगा। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए राज्यभर में 3977 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं।

चुनाव आयोग ने बताया कि सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। साथ ही चुनाव के दौरान आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर निकाय चुनावों की घोषणा के साथ ही पंजाब में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवारों के चयन और प्रचार अभियान की तैयारियां शुरू कर दी हैं। चुनावों को लेकर राज्य के शहरी क्षेत्रों में राजनीतिक माहौल गर्माने लगा है।

## बहल ने गांव मानेपुर में 40 लाख की लागत वाली लिंक सड़क का रखा नींव पत्थर



» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
11 मई ( संदीप सन्नी )

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा राज्य भर में करवाए जा रहे विकास कार्यों की कड़ी में विधानसभा क्षेत्र गुरदासपुर के गांव मानेपुर में एक महत्वपूर्ण विकास कार्य की शुरुआत की गई। हलका इंचार्ज रमन बहल ने गांव मानेपुर में 40 लाख रुपए की लागत से बनने वाली लिंक सड़क का नींव पत्थर रखा।

**लोक हितैषी योजनाओं का मिल रहा लाभ**

इस अवसर पर बहल ने गांव के लाभार्थियों को डिजिटल कार्ड भी वितरित किए। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेरी रसोई योजना के तहत जल्द ही जरूरतमंदों को मुफ्त राशन किट भी बांटी जाएंगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार बिना किसी भेदभाव के हर क्षेत्र का विकास कर रही है और राज्य एक बार फिर प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी राहत**

बहल ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार ने जनहित में कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना का जिक्र किया, जिसके तहत पंजाब के हर नागरिक को बीमारी के इलाज के लिए 10 लाख रुपए तक की कैशलेस सुविधा मुहैया करवाई गई है।

उन्होंने दोहराया कि हलके के गांवों में लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पारदर्शी तरीके से विकास कार्य जारी हैं। उन्होंने कहा, मैं 24 घंटे जनता की सेवा में हाजिर हूं और हल्के की नुहार बदलना मेरा मुख्य लक्ष्य है।

इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## टीबीएस इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस मनाया गया

**11 मई, जीरा ( अंग्रेज बराड़ )** - फिरोजपुर-मोगा रोड पर स्थित टीबीएस इंटरनेशनल स्कूल फिरोजशाह में अध्यक्ष डॉ. हीरा लाल शर्मा, उपाध्यक्ष विभोर शर्मा, प्रबंध निदेशक दीपाली शर्मा और महासचिव शिवम शर्मा के मार्गदर्शन में मातृ दिवस को रचनात्मकता, उत्साह और प्रेम के साथ मनाया गया! इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए कार्ड बनाने की गतिविधि का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगी और सजावटी सामग्रियों का उपयोग करके अपनी माताओं के लिए दिल को छूने वाले संदेशों से भरे सुंदर हस्तनिर्मित कार्ड बनाए। कक्षा 8 के विद्यार्थियों द्वारा मातृ दिवस पर सभी माताओं को सम्मानित करने के लिए एक भावपूर्ण विशेष सभा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के भाषणों में माताओं के प्रति उनके अटूट प्रेम को उजागर किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य प्रस्तुतियों ने माँ और बच्चे के बीच के बंधन को खूबसूरती से व्यक्त किया। प्रबंध निदेशक महोदया दीपाली शर्मा और महासचिव शिवम शर्मा ने इतने सार्थक कार्यक्रम के आयोजन के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने कहा, मां बच्चे की पहली शिक्षिका होती है। इस कार्यक्रम ने हम सभी को उनके निस्वार्थ प्रेम की याद दिला दी है। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य रेखा पासी ने कहा, मां घर की धड़कन होती है। इन कार्डों और प्रस्तुतियों के माध्यम से हमारे विद्यार्थियों ने अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। आइए हम अपनी माताओं का सम्मान करें और उनकी सराहना करें, न केवल आज बल्कि हर दिन।






# प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक





## संक्षिप्त न्यूज

### पंचायत चुनावों के लिए हमीरपुर में भरे गए कुल 5333 पर्चे

**हमीरपुर ( ब्यूरो )**– जिला परिषद हमीरपुर के 19 वार्डों, जिला की सभी 6 पंचायत समितियों के कुल 119 वार्डों और जिला की कुल 242 ग्राम पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान तथा वार्ड सदस्यों सहित कुल 1860 पदों के लिए तीन चरणों में होने वाले चुनावों के लिए कुल 5333 नामांकन पत्र भरे गए हैं। इनमें जिला परिषद के लिए 69, बीडीसी के लिए 529, पंचायत प्रधान 1058, उपप्रधान 1115 और पंचायत सदस्य के लिए 2562 नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं।

नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन सोमवार को 2213 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि सोमवार को जिला परिषद के लिए कुल 36 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

6 पंचायत समितियों के सदस्यों के लिए 250 पर्चे भरे गए। इसी प्रकार, पंचायत प्रधान के पद के लिए जिले भर में 406, उपप्रधान के लिए 511 और पंचायत सदस्यों के लिए 1010 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि सभी नामांकन पत्रों की जांच 12 मई को सुबह 10 बजे से शुरू होगी। 14 और 15 मई को सुबह 10 से दोपहर बाद 3 बजे तक उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। 15 मई की शाम को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे।

उपायुक्त ने बताया कि 26 मई को 83 पंचायतों में, 28 मई को 82 पंचायतों में और 30 मई को 77 पंचायतों में सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक मतदान होगा। पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों के चुनाव परिणाम उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे। जबकि, पंचायत समिति और जिला परिषद के मतों की गिनती 31 मई को सुबह 9 बजे सभी ब्लॉक मुख्यालयों में आरंभ होगी।

### नघियार पंचायत में प्रधान पद के लिए मिनाक्षी ने भरा नामांकन, समर्थकों संग किया शक्ति प्रदर्शन



**बिलासपुर ( जितेंद्र गौतम )**– विकास खण्ड झंडूता के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत नघियार में पूर्व उपप्रधान मिनाक्षी ने प्रधान पद के लिए अपने समर्थकों सहित पंचायत में अपना नामांकन पत्र दाखिल करवा दिया है उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के पश्चात अपने समर्थकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्होंने नघियार पंचायत की जनता की लगभग पन्द्रह वर्षों से पूरी ईमानदारी से सेवा की है जिसके परिणामस्वरूप मुझे इस पंचायत की जनता ने सेवा करने का निरन्तर अवसर प्रदान किया है जिसके लिए उन्होंने नघियार वासियों का आभार व्यक्त करते हुए अग्रिम सेवा करने का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया है ताकि शेप पड़े कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पुर्ण करने का सपना पूरा हो सके इस अवसर पर नघियार के गांव मरूडा, भगतपुर,ठेहडू व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उनके नामांकन के,समय में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है।

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जेजवीं का 10वी कक्षा का परीक्षा परिणाम 91 प्रतिशत रहा

**बिलासपुर ( जितेंद्र गौतम )**– राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं के विद्यार्थियों ने 10वी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। जिसमें वंश ने 668 अंक, शुभम ने 631अंक , श्वेता ठाकुर ने 629 अंक प्राप्त कर क्रमश: प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया । प्रधानाचार्य ने बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय विद्यालय के कर्मठ स्टाफ व बच्चों की अटूट मेहनत को दिया

विद्यालय परिवार इन सभी होनहार विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता है। उनकी मेहनत, लगन और समर्पण अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्म पाल शर्मा ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। विद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

### शहीद धर्मेंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुर्गापुर धारड़ी का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों ने रचा कीर्तिमान

**पट्टा मेहलोग, 11 मई ( तारा )** – हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं व जमा दो कक्षाओं के परीक्षा परिणामों में शहीद धर्मेंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुर्गापुर धारड़ी ने शानदार प्रदर्शन कर शिक्षा जगत में अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया है।

दसवीं कक्षा में 15 में से 14 सफल रहे। इस प्रकार परीक्षा परिणाम 93.33 प्रतिशत रहा। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। धान्या ने 700 में से 660 अंक (94.29%) प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं विवेक वर्मा ने 650 अंक (92.86%) के साथ द्वितीय और पुनीत तंवर ने 641 अंक (91.57%) के साथ तृतीय स्थान पर रहा।

12वीं कक्षा में भी शत प्रतिशत सफलता का क्रम जारी रहा ।कक्षा में 13 विद्यार्थियों में से 12 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय की दो मेधावी छात्राओं गुंजन व खुशबू ने 500 में से 441 अंक (88.20%) प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। भूमिका 432 अंक (86.40%) के साथ द्वितीय, और आरती 427अंक (85.40%) के साथ तृतीय स्थान पर रही ।इस बेहतरीन उपलब्धि पर विद्यार्थियों के अभिभावकों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार अवस्थी और समस्त स्कूल स्टाफ को बधाई दी। अवस्थी ने अपनी पूरी शिक्षकों की टीम को इस सफलता का श्रेय देते हुए उनके अथक प्रयासों की सराहना की व कहा कि यह विद्यालय अगामी बोर्ड परीक्षाओं में बोर्ड मैरिट सूची में नाम दर्ज कराने के लिए बच्चों को प्रेरित करेंगे व इस सफलता को हासिल करने के हर सम्भव प्रयास करेंगे।

विद्यालय के शिक्षकों खेम चंद राघव, रविंद्र कुमार शर्मा,, प्रमोद कुमार, धर्मेंद्र अत्री, विजय कुमार, विनोद कुमार,धर्मेंद्र शर्मा शास्त्री, चंपा देवी व कृष्णा देवी आदि ने सभी ने बच्चों और अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# सुक्खू सरकार का नशे पर वार; भर्ती में एंटी चिट्टा टेस्ट अनिवार्य

**स्कूल-कॉलेजों में चलेगा विशेष जागरूकता अभियान, हिमाचल में नशे के खिलाफ बड़ा अभियान, 123 सरकारी कर्मचारी चिट्टा मामलों में पकड़े गए**

» प्रथम न्यूज । शिमला
11 मई ( एएम नाथ )



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार हिमाचल को चिट्टा मुक्त बनाने के लिए लगातार कठोर कदम उठा रही है और पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर एंटी चिट्टा अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को शिमला में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों और महाविद्यालयों में एंटी चिट्टा जागरूकता अभियान का दूसरा चरण एक जून से 20 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा और समाज में नशे के खिलाफ जनभागीदारी बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है जहां पंचायत स्तर तक चिट्टा के खिलाफ कार्रवाई को प्रभावी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार नशा कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रही है। सरकारी कर्मचारियों की संलिप्तता पाए जाने पर भी सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक 123 सरकारी कर्मचारी चिट्टा गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं, जिनमें से 31 कर्मचारियों को बर्खास्त किया जा चुका है। इसके अलावा सरकारी नौकरियों में भर्ती होने वाले अभ्यर्थियों के लिए एंटी चिट्टा टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने शिमला में नार्कोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों को एंटी चिट्टा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मंत्री जगत सिंह नेगी और अनिरुद्ध सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। एक अन्य बैठक में मुख्यमंत्री ने शहरी विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि शिमला में सब्जी मंडी केंद्रीय व्यापारिक जिला परियोजना तथा हमीरपुर में प्रस्तावित सिटी सेंटर परियोजना के माध्यम से विश्वस्तरीय व्यापारिक और आर्थिक केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से शहरी क्षेत्रों में भीड़भाड़ कम होगी, आधुनिक पार्किंग सुविधाएं विकसित होंगी तथा ग्रीन-ब्लू सार्वजनिक क्षेत्रों का विस्तार होगा। साथ ही यह योजनाएं स्थायी राजस्व सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**जिला शिमला पुलिस को नशा तस्करी के विरुद्ध बड़ी सफलता**

### 64 ग्राम हेरोइन/चिट्टा सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**शिमला ( ब्यूरो )**– जिला शिमला में मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना पश्चिम शिमला को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस थाना पश्चिम शिमला में अभियोग संख्या 83/2026, धारा 21 एवं 29 एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्पेशल सैल शिमला की पुलिस टीम तारादेवी क्षेत्र में गश्त, यातायात चैकिंग एवं अपराध रोकथाम ड्यूटी पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक कार में दो व्यक्ति भारी मात्रा में हेरोइन/चिट्टा लेकर शोघी की ओर से शिमला आ रहे हैं जो इस चिट्टे की खेप को स्थानीय युवाओं को बेचने की फिराक में है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा तारादेवी-टुटू बाईफरकेशन के समीप नाकाबंदी कर उक्त वाहन को रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन से *कुल 64 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद किया गया। इसके अतिरिक्त वाहन से नकद राशि भी बरामद की गई। मामले में आरोपियों की पहचान कर्ण निवासी कलस्टन, शिमला, आयु 35 वर्ष तथा कर्ण वर्मा निवासी ठियोग, जिला शिमला, आयु 30 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।आरोपियों को अदालत में पेश किया जा रहा है। मामले में हर पहलू पर गहन जांच जारी है।

# विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने मेधावी छात्रा को किया सम्मानित

**भटियात की मानस्वी ने 98% अंक लेकर प्रदेश में पाया छठा स्थान**

» प्रथम न्यूज । चंबा
11 मई ( एएम नाथ )

विधानसभा अध्यक्ष श्री कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र की मेधावी छात्रा मानस्वी भारद्वाज पुत्री सुनील कुमार को 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। मानस्वी ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर हिमाचल प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त किया है।

उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विधानसभा अध्यक्ष ने छात्रा को सम्मानित करते हुए कहा कि



मेहनत, लगन और अनुशासन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मानस्वी ने अपने परिवार और भटियात क्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है।

कुलदीप सिंह पठानिया ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रदेश की बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए मुकाम हासिल कर रही हैं। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से भी मानस्वी से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

मानस्वी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया। परिवार और क्षेत्रवासियों ने भी छात्रा को बधाई दी।

# मंडी जिला में 14648 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन पत्र

» प्रथम न्यूज । मंडी
11 मई ( नरेंद्र भारती )

मंडी जिला में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया आज संपन्न हो गई। जिला परिषद, पंचायत समिति, प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्य पदों के लिए तीन दिनों में कुल 14648 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। नामांकन प्रक्रिया के तीसरे और अंतिम दिन 11 मई को सबसे अधिक 6606 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इससे पहले 7 मई को 3820 तथा 8 मई को 4222 नामांकन प्राप्त हुए थे।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अपूर्व देवगन ने बताया कि जिला परिषद के 36 वार्डों के लिए अंतिम दिन 114 नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जबकि तीन दिनों में कुल 210 नामांकन दाखिल किए गए। पहले दिन 54 तथा दूसरे दिन 42 नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे।

उन्होंने बताया कि 14 पंचायत समितियों के 267 सदस्य पदों के लिए अंतिम दिन 574 नामांकन दाखिल हुए। इस श्रेणी में कुल 1174 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। पहले दिन 235 तथा दूसरे दिन 365 नामांकन दाखिल किए गए थे।



ग्राम पंचायत प्रधान पद के 577 पदों के लिए अंतिम दिन 1319 नामांकन प्राप्त हुए। पहले दिन 891 तथा दूसरे दिन 834 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। वहीं उपप्रधान पदों के लिए अंतिम दिन 1496 नामांकन प्राप्त हुए। पहले दिन 706 तथा दूसरे दिन 767 नामांकन पत्र दाखिल हुए थे।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों के 3311 वार्ड सदस्य पदों के लिए कुल 7251 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें पहले दिन 1934, दूसरे दिन 2214 तथा अंतिम दिन 3103 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। उपायुक्त ने बताया कि 12 मई को सुबह 10 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 14 और 15 मई को नाम वापस लिए जा सकेंगे तथा 15 मई को दोपहर 3 बजे के बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्य पदों के लिए मतदान 26, 28 और 30 मई को होगा तथा मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय में मतगणना की जाएगी। वहीं जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के मतों की गिनती 31 मई को सुबह 9 बजे से शुरू होगी।

# चंबा सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री सुक्खू व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने जताया दुख, घायलों के बेहतर इलाज के दिए निर्देश

**ककीरा हादसे में छह लोगों की मौत पर CM सुक्खू व विधानसभा अध्यक्ष पठानिया शोकाकुल, प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद का भरोसा**

» प्रथम न्यूज । शिमला
11 मई ( एएम नाथ )

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने चंबा जिला के लाहड़ू-तुणुहट्टी मार्ग पर ककीरा के पास हुए भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस दुर्घटना में चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने हादसे पर दुख जताते हुए जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से घायलों के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी न रहने और उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने को कहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुखद घटना से पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। उन्होंने दिवंगतों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

बताया जा रहा है कि चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर तड़के हुए इस हादसे में एक टैक्सी वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा, जिससे मौके





पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय प्रशासन, पुलिस और राहत दल ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्रदेश सरकार ने हादसे को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

### आईपीएल मैचों के दौरान धर्मशाला में भारी मालवाहक वाहनों पर प्रतिबंध

**धर्मशाला ( एएम नाथ )**– जिला दण्डाधिकारी हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आईपीएल मैचों के दौरान, मैच आरंभ होने से 6 घंटे पहले रेत, बजरी, सीमेंट, सरिया और इस प्रकार की भवन निर्माण सामग्री लेकर आने वाले वाहनों पर धर्मशाला और आस पास के क्षेत्र में रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि यह रोक मैच के समाप्त होने तक प्रभावी रहेगी।

उन्होंने बताया कि धर्मशााला स्थित क्रिकेट स्टेडियम में 11, 14 और 17 मई, 2026 को पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इण्डियन और रॉयल चैंलेजर के मैच प्रस्तावित हैं और इस दौरान देश-विदेश से भारी संख्या में क्रिकेट प्रेमी धर्मशाला पहुंचेंगे। भारी वाहनों के कारण मैचों के दौरान सामान्य ट्रैफिक की आवाजाही पर असर पड़ने की संभावना रहती है, जिसके दृष्टिगत यह आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह आदेश केवल क्रिकेट मैच वाले दिनों के लिए ही जारी किए गए हैं।

### बड़सर थाने में टैक्सी वाहन की नीलामी 15 जून को

**हमीरपुर ( ब्यूरो )**–उपमंडल बड़सर के एक टैक्सी वाहन से संबंधित एक मामले में सिविल जज न्यायालय बड़सर ने वारंट ऑफ सेल जारी किया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजीव ठाकुर ने बताया कि डिक्रिटल राशि की रिकवरी के लिए इस वाहन की बिक्री खुली नीलामी के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस वाहन की नीलामी की प्रक्रिया 15 जून को सुबह 11 बजे पुलिस थाना बड़सर के परिसर में पूर्ण की जाएगी। इच्छुक लोग इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

# राजपुरा स्कूल की बेटियों ने शैक्षणिक शिखर पर लहराया परचम

**राष्ट्रीय तकनीकी दिवस पर नवाचार का संकल्प**

» प्रथम न्यूज । नालागढ़
11 मई ( गुरजीत सिंह )

स्थानीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजपुरा में सोमवार को दोहरे उत्साह का वातावरण रहा। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं शैक्षणिक सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें ग्रामीण प्रतिभाओं ने अपनी मेहनत का लोहा मनवाया। साथ ही राष्ट्रीय तकनीकी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया गया।

**बेटियों ने हासिल किया शीर्ष स्थान**

घोषित परिणामों में विद्यालय की छात्राओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया।

अनुराधा ने कुल 651 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। उनके पीछे राधिका सैनी 643 अंकों के साथ दूसरे और रजनी बाला 610 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। विद्यालय का कुल प्रदर्शन शानदार रहा, जहा 53 में से 50 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित कर 94.33त्न का उत्तीर्ण आंकड़ा छुआ।

**प्रधानाचार्य का संबोधन और आशीर्वाद**

समारोह के दौरान प्रधानाचार्य प्रकाश चंद ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा की सफलता का कोई लघु मार्ग (शॉर्टकट) नहीं होता, यह निरंतर परिश्रम का फल है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों के बीच के समन्वय को इस गौरवपूर्ण परिणाम का मुख्य आधार बताया।

**तकनीक से सुनहरे भविष्य की राह**

आज राष्ट्रीय तकनीकी दिवस के उपलक्ष्य पर विद्यालय में एक विशेष सत्र का भी आयोजन



हुआ। प्रधानाचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग विज्ञान और तकनीक का है और राष्ट्र की प्रगति में युवाओं का तकनीकी कौशल ही सबसे बड़ी भूमिका निभाएगा।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
हरियाणा न्यूज
Website : www.prathamnews.in

संक्षिप्त न्यूज



# कुरुक्षेत्र समिति की बैठक आयोजित

### बैठक में विभिन्न योजनाओं पर हुआ मंथन

**कुरुक्षेत्र, 11 मई ( बृज मोहन )** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा समिति व जीओ गीता कुरुक्षेत्र की बैठक दिनांक गीता ज्ञान संस्थानम् के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में 20 नवम्बर से 20 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली गीता सम्मान यात्रा की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई तथा इसके सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों के गठन एवं जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया। इसके साथ ही मासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक प्रकल्पों को नियमित रूप से संचालित करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक के दौरान गीता पाठ, सत्संग, युवा जागरूकता कार्यक्रम, महिला सहभागिता, तथा समाज में आध्यात्मिक मूल्यों के प्रसार हेतु विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई। पुरुषोत्तम मास के दौरान विशेष कार्यक्रम आयोजित करने तथा अधिक से अधिक लोगों को गीता से जोडने् के लिए व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण, तथा विभिन्न नगरों में गतिविधियों को सक्रिय रूप से बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा समिति के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु विचार साझा किए।

बैठक के अंत में प्रधान डॉ. ऋषिपाल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर स्वामी जी के मार्गदर्शन अनुसार समाज में गीता के संदेश का व्यापक प्रसार करना है। बैठक संगठन की आगामी योजनाओं को गति देने एवं सामाजिक-आध्यात्मिक गतिविधियों को सशक्त बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुई। इस अवसर पर विजय नरूला, अशोक अरोड़ा, धीरज वालिया, राजेंदर सिंगला, डॉ. सुरेश, धर्मपाल, सुशील खुराना, केके कौशल, रमाकांत, विजय बवेजा, पवन गुम्बर, जोगिन्दर शर्मा, रविंदर, साहब सिंह, भजन लाल व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## धार्मिक फिल्म निर्जला होगी सुपर हिट

### कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर शूट हुए फिल्म के अहम सीन

पिहोवा 11 मई ( मुकेश डोलिया ) बॉलीवुड में पौराणिक फिल्मों यानि के mythilogical फिल्मों का दौर कभी अंत नहीं हुआ समय के साथ साथ कम ज्यादा होता गया लेकिन भारतीय दर्शकों ने हमेशा धार्मिक फिल्मों को सदा अपना समर्थन और प्यार दिया है । अपने जमाने की बॉलीवुड में धार्मिक और पौराणिक फिल्में भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रही हैं, जो आस्था और भक्ति को दर्शाती हैं। जय संतोषी मां और संपूर्ण रामायण जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़े। हाल के वर्षों में कांतारा और हिंदुत्व जैसी फिल्मों ने इस शैली को पुनर्जीवित किया है, जो पौराणिक गाथाओं को आधुनिक तरीके से प्रस्तुत करती हैं अभी हाल ही में एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा (2025) ने भारतीय सिनेमा में इतिहास रचते हुए कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। मात्र ?40 करोड़ के बजट (प्रचार सहित) में बनी इस फिल्म ने दुनिया भर में 300 करोड़ से अधिक का आंकड़ा पर किया ।ऐसी ही यह धार्मिक फिल्म सरस्वती ड्रीम लैंड के बैनर तले फिल्म निर्जला अपने आप में एक उत्कृष्ट रचना है । इस फिल्म की शूटिंग हरियाणा के विभिन्न स्थानों पर हुई है , शनिवार को फिल्म की शूटिंग कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर फिल्म के कुछ अहम सीन नायिका ऋचा तिवारी के साथ फिल्माए गए। इस मौके पर मौजूद फ़िल्म निर्माता नरेंद्र शर्मा ने बताया कि यह निर्जला फ़िल्म भगवान श्री कृष्ण की लीला पर आधारित है। यह सरस्वती ड्रीम लैंड के बैनर तले बनाई जा रही है जो हरियाणवी भाषा में है। फ़िल्म में 6 गाने है। यह एक धार्मिक फ़िल्म है। इस फ़िल्म में मुख्य किरदार विनीत भरद्वाज और निर्जला का किरदार रिचा तिवारी निभा रही है वही बॉलीवुड अभिनेता श्याम सुंदर सोनी इस फ़िल्म में पंड़ित दरबार के किरदार में नजर आयेंगे ओर राकेश राई, जोगिंदर कुंड, सत्यावन्ति, राधे राधे बाबू, नेहा बंसल, सुनील बबर, जीतसिंह डागर, कुसुम डागर विभिन्न किरदारों में नज़र आएंगे । उन्होंने बताया कि इस फ़िल्म में हरियाणा प्रदेश के नए उभरते कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा। यह फ़िल्म ढाई घंटे की होगी। इस फ़िल्म की शूटिंग मई माह में ही पूरी की जाएगी । इस फ़िल्म को सितंबर माह के पहले सप्ताह में रिलीज किया जाएगा। नरेंद्र शर्मा ने यह भी बताया कि इस फ़िल्म में लेखक निर्माता और फिल्म का निर्देशक और मुख्य भूमिका विनीत भारद्वाज करेंगे, उन्होंने बताया कि इस फिल्म में सिर्फ हरियाणा के रंगमंच,फिल्म कलाकार अपने दमदार अभिनय से फिल्म में जान फूंक रहे हैं । फिल्म में बाल कलाकार भौमिक बंसल एवं नायरा फिल्म %निर्जला % के माध्यम से बॉलीवुड में प्रथम कदम रख रहे हैं, डांस गुरु लव शर्मा ने बताया बाल कलाकार नायरा अपने अभिनय और डांस से पहले भी कई अवॉर्ड जीत चुकी है अब वह अपने अभिनय से फिल्मी दर्शकों ध्यान अपनी ओर खींचने में भी कामयाब होगी। फ़िल्म में गीत सुधाकर शर्मा, मनोज दर्पण, एस आर भारती और संगीत सतीश देहरा ने दिया है। शूटिंग स्थल कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर पर डॉ विनय गुप्ता, डॉ मुकेश डोलिया एवं महेश मोनू बादशाह भी उपस्थित थे।



# सोमनाथ मंदिर भारत की सनातन चेतना, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय स्वाभिमान का अमर प्रतीक : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

### मुख्यमंत्री ने पिहोवा स्थित श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' कार्यक्रम में की शिरकत

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
11 मई ( मुकेश डोलिया )

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सनातन चेतना, अटूट आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान का अमर प्रतीक है, जिसने हर आक्रमण, हर संघर्ष और हर विपत्ति के बाद राष्ट्र को पुनः खड़े होने की शक्ति दी है। मुख्यमंत्री सोमवार को कुरुक्षेत्र के पिहोवा स्थित श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को मंदिर कमेटी पदाधिकारियों और संत समाज ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री और उपस्थित श्रद्धालुओं ने सोमनाथ मंदिर में आयोजित विशेष कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विशेष पूजा करते हुए अपना संबोधन दिया। श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे साधु संतों का मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शॉल ओढ़ा कर सम्मान भी किया।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने ﾀहर-हर महादेवﾀ के जयघोष के साथ उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा यह वर्षभर का राष्ट्रीय पर्व भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक जागरण और सभ्यतागत निरंतरता का प्रतीक है। वैदिक नदियों अरुणाय और सरस्वती के पावन संगम स्थल पर इस पर्व का आयोजन इसकी आध्यात्मिक महत्ता को और अधिक दिव्य बना रहा है। उन्होंने कहा कि यहां स्थित प्राचीन संगमेश्वर मंदिर सदियों से इस पवित्र संगम और भारत की समृद्ध आध्यात्मिक परंपरा का साक्षी रहा है।





मुख्यमंत्री ने 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व 11 जनवरी से शुरू होकर 11 जनवरी 2027 तक चलेगा। उन्होंने बताया कि देशभर से श्रद्धालु सोमनाथ मंदिर पहुंच रहे हैं तथा हरियाणा से भी मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए 8 जून को विशेष ट्रेन रवाना की जाएगी।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक विरासत को मिली नई वैश्विक पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को नई वैश्विक पहचान और सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का भव्य निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण का सबसे बड़ा प्रतीक बनी। उन्होंने कहा कि उस समय कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरा देश राममय हो गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक और केदारनाथ धाम के पुनर्विकास ने भारत के प्राचीन तीर्थ स्थलों की गरिमा को पुनर्स्थापित किया है तथा आधुनिक भारत को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि चारधाम परियोजना, प्रसाद योजना और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण जैसे प्रयासों के माध्यम से भारत अपनी आध्यात्मिक जड़ों से पुनः जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह नए भारत का वह कालखंड है जहां विकास और विरासत साथ-साथ चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग, आयुर्वेद और 'वसुधैव कुटुंबकम्' का संदेश देकर भारतीय संस्कृति की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने इस दौरान श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर, कुरुक्षेत्र के अनुभव केंद्र का जिक्र भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विलुप्त हो रही संस्कृति को पहचान दिलाने का काम किया है।







### सोमनाथ भारत की अटूट आस्था और सनातन शक्ति का प्रतीक

मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन परंपरा में सोमनाथ को बारह ज्योतिर्लिंगों में प्रथम ज्योतिर्लिंग का गौरव प्राप्त है। पुराणों के अनुसार चंद्रदेव ने अपने कष्टों से मुक्ति पाने के लिए यहां भगवान शिव की कठोर तपस्या की थी, जिसके बाद भगवान शिव ज्योतिर्लिंग के रूप में यहां प्रकट हुए और तभी से यह स्थान 'सोमनाथ' कहलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर का इतिहास भारत की धैर्यगाथा और आध्यात्मिक शक्ति का इतिहास है। विदेशी आक्रांताओं ने इस मंदिर को अनेक बार तोड़ा और लूटा, लेकिन हर बार यह मंदिर और अधिक साहस एवं आस्था के साथ पुनः खड़ा हुआ। उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने केवल मंदिर को नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति, आस्था और पहचान को मिटाने का प्रयास किया, लेकिन वे यह समझ नहीं सके कि सनातन केवल मंदिरों में नहीं, बल्कि भारत के जन-जन के हृदय में बसता है।

### सोमनाथ का पुनर्निर्माण राष्ट्रीय स्वाभिमान की पुनर्स्थापना था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया था और इसे राष्ट्रीय सम्मान की पुनर्स्थापना बताया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मई 1951 में पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन किया था तथा आज उसके 75 वर्ष पूर्ण होना प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण के भी 1000 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। वर्ष 1026 में हुए इस आक्रमण का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' हजार वर्षों की धैर्यगाथा और अटूट आस्था का प्रतीक है।

# आंगनवाडी वर्करों को पिछले 4 महिनों से नहीं मिला मान-भत्ता - निदेशक समाज कल्याण विभाग को मिलकर शीघ्र भुगतान की अपील की



» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
11 मई ( पुनीत महाजन )

शहर की 900 से अधिक आंगनवाडी वर्करों व हैल्परों को पिछले 4 महिनों से उनको मिल रहे मान भत्ते का भुगतान नहीं किया गया है।

एक तरफ आंगनवाडी वर्करज व हैल्परज यूनियन तथा फैड़रेशन ऑफ यूटी इम्पलाईज एण्ड वर्करज चण्डीगढ़ आंगनवाडी वर्करों व हैल्परों को उनके ऊपर बढ़ रहे काम के बोझ के अनुसार उन्हें पान्डीचेरी व केरल की तर्ज पर डी सी रेट देने की मांग कर रही है ।दूसरी तरफ हालत यह हैं कि इन कर्मचारियों को दिसम्बर 2025 के बाद आज दिन तक उन्हें मिल रहा मानदेय भी नहीं मिला है। इस सम्बन्ध में फैडरेशन का प्रतिनिधिमंडल 6 मई को निदेशक समाज कल्याण विभाग श्रीमती राधिका सिंह को मिला तथा उन्हें स्थिति से अवगत कराते हुए तुरन्त रूका हुआ मानदेय जारी करने की अपील की जिस पर उन्होंने तुरन्त संज्ञान लेकर मानदेय जारी करने की बात की थी लेकिन अभी तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है जिसकारण आंगनवाडी कार्यकर्त्ताओं व सहायिकाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा उनमें प्रशासन के प्रति रोष भी पनप रहा है।

ज्ञात है कि आंगनवाडी वर्करज व हैल्परज यूनियन ने डी सी रेट लागू करने व समय पर वेतन देने आदि 8 सूत्रीय मांगों को लागू कराने के लिए 9 अप्रैल को धरना देने का ऐलान किया था जिसे देखते हुए तत्कालीन निदेशक पालिका अरोड़ा ने यूनियन व फैड़रेशन के साथ 7 अप्रैल को लम्बी चर्चा कर वेतन वृद्धि व अन्य मांगों को निश्चित समय में लागू करने का यकीन दिलाया था।

बाद में उनका तबादला हो गया व मीटिंग की प्रोसिडिग भी अभी तक जारी नहीं हुई है।

फैड़रेशन के अध्यक्ष गोपाल दत्त जोशी, प्रधान राजेन्द्र कटोच व महासचिव हरकेश चन्द आदि ने निदेशक समाज कल्याण विभाग को बिना देरी मानदेय का भुगतान करने की अपील की ताकि यूनियन को पुनः संघर्ष करने पर मजबूर न होना पडे।




# खरीद एवं उठान प्रक्रिया में तेजी लाएं अधिकारी : विश्राम कुमार मीणा

» प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र
11 मई ( बृज मोहन )

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि खरीद सीजन से जुड़े सभी अधिकारी खरीद एवं उठान कार्य में तेजी लाएं। मंडियों में पड़े रेडी टू लिफ्ट फसल का समयबद्ध उठान सुनिश्चित किया जाए। अब सीजन का पीक चल रहा है, जिसकी वजह से आवक अधिक है, इसलिए परिवहन और भंडारण की व्यवस्था मजबूत रखें। किसी भी मंडी में जगह की कमी नहीं होनी चाहिए। अधिकारी सुनिश्चित करें कि किसानों को मंडी में अपनी फसल उतारने में और उसको बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं न आए।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम में खरीद सीजन को लेकर अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता ने भी प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से खरीद सीजन की समीक्षा की।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी एजेंसियां ट्रांसपोर्टरों की सूची साझा करें और वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उठान के बाद गोदामों में अनलोडिंग प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि ट्रक जल्द खाली होकर दोबारा मंडियों में पहुंच सकें। इसी प्रकार किसी भी मंडी में बारदाने की कमी नहीं आनी चाहिए। अनाज की गुणवत्ता के अनुसार अलग-अलग स्टैकिंग की जाए।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर आ रही तकनीकी समस्याओं को गंभीरता से लें और यदि पोर्टल में किसी प्रकार की दिक्कत आती है, तो उस दौरान मैनुअल तरीके से आउट गेट पास जारी किए जाएं। किसानों के पंजीकरण और डेटा वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाए, ताकि किसी किसान का गेट पास लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि किसान किसी भी वाहन से अपनी फसल मंडी में ला सकता है। यदि वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर उपलब्ध नहीं है, तो वाहन की फोटो लेकर एंट्री की जाए। किसी भी स्तर पर किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए, यह सभी अधिकारी सुनिश्चित करें।

# मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया के उत्पत्ति कारणों, नियंत्रण व बचाव के उपायों पता होना जरूरी : डा. मंजू शर्मा

» प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र
11 मई ( बृज मोहन )

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मंजू शर्मा ने कहा कि मौसम संबंधी रोगों जैसे मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया के उत्पत्ति कारणों, उनके नियंत्रण एवं बचाव के उपायों के बारे में पता होना चाहिए। इस प्रकार की जानकारी होने से इन बीमारियों पर काबू पाया जा सकेगा। शरीर की रोग प्रतिरोधिक क्षमता बढ़ाने के लिए नागरिकों को रोजाना योग व सूक्ष्म व्यायाम करने चाहिए।

महानिदेशक आयुष हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के तालमेल से तथा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कुरुक्षेत्र डॉ. मंजू शर्मा के दिशा-निर्देशन में आयुष विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा विभिन्न स्थानों पर विशेष योग शिविरों एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बच्चों के लिए गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ज्योतिसर में योग प्रोटोकॉल का नियमित अभ्यास करवाया गया, जिसका समापन समारोह आज आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ विद्यालय की प्रिंसिपल हरजोत कौर द्वारा किया गया था।

इस शिविर में योग सहायक राजीव, योग इंस्ट्रक्टर अनीता तथा योग विशेषज्ञ मनजीत द्वारा विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाया गया और उन्हें योग के महत्व एवं स्वस्थ जीवनशैली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। समापन अवसर पर वाइस प्रिंसिपल ममता, स्कूल स्टाफ के सदस्य सुभाष चंद्र, रोहित, शिव, हरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को योग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ-साथ लाडवा स्थित बाबा बांसी वाला वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों के लिए योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सूक्ष्म व्यायाम एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया जा रहा है। इस अवसर पर योग सहायक कमल किशोर एवं पूजा रानी द्वारा विभिन्न योगासन करवाए गए तथा बुजुर्गों को योग के लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय माध्यमिक विद्यालय, कालाल माजरा में आयुष ग्राम कालाल माजरा द्वारा स्वास्थ्य संगोष्ठी एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट धर्मबीर द्वारा आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया। वहीं योग सहायक अनु द्वारा अनुलोम-विलोम, शीतली प्राणायाम, पश्चिमोत्तानासन एवं सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा रोगों की रोकथाम के उपायों से अवगत कराना रहा। आयुष विभाग द्वारा इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का सतत प्रयास किया जा रहा है।






आज का

# संपादकीय

## पहाड़ों की खामोश चीखें



**हिमाचल की सड़कें केवल विकास का रास्ता नहीं, हजारों परिवारों की उम्मीदों का सहारा भी हैं।**

**हर हादसे के बाद उठती चीखें यह बताती हैं कि लापरवाही की कीमत इंसानी जानों से चुकाई जा रही है। यदि सड़क सुरक्षा को अब भी गंभीरता से नहीं लिया गया, तो पहाड़ों में सफर डर का दूसरा नाम बन जाएगा। समय की मांग है कि सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर इन सड़कों को मौत नहीं, सुरक्षित जीवन का रास्ता बनाएं।**

**एएम नाथ**

हिमाचल प्रदेश की पहचान उसकी प्राकृतिक सुंदरता, बर्फ से ढकी पहाड़ियों और शांत वादियों से होती है। हर वर्ष लाखों पर्यटक यहां सुकून और रोमांच की तलाश में पहुंचते हैं, लेकिन इन खूबसूरत पहाड़ों के बीच बनी सड़कें अब लगातार दर्दनाक हादसों की गवाह बनती जा रही हैं। जिला चम्बा के ककीरा क्षेत्र में चम्बा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ ताजा हादसा पूरे प्रदेश को झकझोर गया है। धर्मशाला से डलहौजी जा रही पर्यटकों से भरी इनोवा गहरी खाई में गिर गई, जिसमें गुजरात के छह पर्यटकों की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा केवल एक दुखद घटना नहीं, बल्कि हिमाचल में लगातार बिगड़ती सड़क सुरक्षा व्यवस्था का गंभीर संकेत है।

हिमाचल प्रदेश में सड़क हादसे अब अपवाद नहीं रहे, बल्कि लगातार सामने आने वाली त्रासदी बन चुके हैं। प्रदेश के लगभग हर जिले में आए दिन वाहन खाई में गिरने, चट्टानें टूटने या तेज रफ्तार के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। खासकर चम्बा, किन्नौर, कुल्लू, मंडी, सिरमौर और शिमला जैसे पहाड़ी जिलों में सड़कें कई जगह बेहद संकरी और जोखिमभरी हैं। बरसात, भूस्खलन और धुंध इन रास्तों को और अधिक खतरनाक बना देते हैं।

पिछले कुछ वर्षों के हादसों पर नजर डालें तो तस्वीर बेहद चिंताजनक दिखाई देती है। कुल्लू जिले के आनी क्षेत्र में शिक्षिकाओं से भरी कार पर पेड़ गिरने से चार महिलाओं की मौत हो गई थी। ऊना जिले में एक कार गहरी खाई में गिरकर आग की चपेट में आ गई, जिसमें चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मंडी जिले में कई बार यात्रियों से भरी बसें गहरी खाइयों में गिर चुकी हैं। किन्नौर में चट्टानें गिरने से वाहनों के दबने की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। चम्बा-पठानकोट हाईवे, शिमला-किन्नौर मार्ग और मंडी-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग जैसे कई रास्ते अब ब्लैक स्पॉट के रूप में पहचाने जाने लगे हैं।

इन हादसों के पीछे केवल प्राकृतिक परिस्थितियों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। सच्चाई यह है कि सड़क सुरक्षा को लेकर लंबे समय से गंभीर लापरवाही बरती गई है। प्रदेश की कई सड़कों पर सुरक्षा दीवारें नहीं हैं। जगह-जगह गड्ढे और टूटे किनारे दुर्घटनाओं को न्योता देते हैं। खतरनाक मोड़ों पर पर्याप्त संकेतक और रिफ्लेक्टर तक नहीं लगाए गए। रात के समय कई मार्गों पर रोशनी का अभाव रहता है। यदि वाहन जरा भी अनियंत्रित हुआ तो सीधे गहरी खाई में गिरने का खतरा रहता है।

दूसरी ओर वाहन चालकों की लापरवाही भी बड़ी वजह बन रही है। पर्यटन सीजन में टैक्सी और निजी वाहन चालक समय बचाने और अधिक चक्कर लगाने की होड़ में तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। पहाड़ी सड़कों पर ओवरस्पीडिंग किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकती है। कई चालक लगातार लंबे समय तक वाहन चलाते रहते हैं, जिससे थकान और नींद हादसों का कारण बनती है। शराब पीकर वाहन चलाने और यातायात नियमों की अनदेखी की घटनाएं भी कम नहीं हैं।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि हर बड़े हादसे के बाद कुछ दिनों तक प्रशासनिक हलचल दिखाई देती है, जांच के आदेश दिए जाते हैं, मुआवजे की घोषणाएं होती हैं और फिर मामला धीरे-धीरे ठंडे बस्ते में चला जाता है। सड़क सुरक्षा को लेकर स्थायी और कठोर नीति अभी तक प्रभावी रूप में लागू नहीं हो पाई है।

हिमाचल जैसे पर्यटन राज्य में सड़क सुरक्षा केवल प्रशासनिक मुद्दा नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक आवश्यकता भी है। पर्यटन प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि लगातार हादसों की खबरें आती रहेंगी तो इसका असर पर्यटन उद्योग पर भी पड़ेगा। पर्यटकों का भरोसा तभी मजबूत होगा जब वे खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे।

सरकार को अब केवल घोषणाओं से आगे बढ़कर ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले प्रदेश के सभी ब्लैक स्पॉट्स की वैज्ञानिक तरीके से पहचान कर वहां सुरक्षा उपाय किए जाने चाहिए। खतरनाक मोड़ों पर मजबूत क्रैश बैरियर, पैराफिट, चेतावनी बोर्ड और आधुनिक संकेतक लगाए जाएं। रात के समय पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो। पहाड़ी मार्गों पर सीसीटीवी और स्पीड मॉनिटरिंग सिस्टम लगाए जाने चाहिए ताकि ओवरस्पीडिंग पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

इसके अलावा टैक्सी और ट्रैवल वाहनों की नियमित फिटनेस जांच अनिवार्य होनी चाहिए। चालक प्रशिक्षण व्यवस्था को और मजबूत करना होगा। पहाड़ी क्षेत्रों में वाहन चलाने वाले ड्राइवरों के लिए विशेष प्रशिक्षण और समय-समय पर मेडिकल जांच जरूरी की जानी चाहिए। थके हुए ड्राइवरों को लंबी दूरी तय करने से रोकने के लिए सख्त नियम बनाए जाने चाहिए।

राहत और बचाव तंत्र को भी मजबूत करने की आवश्यकता है। कई बार हादसों के बाद घायल घंटों तक मदद का इंतजार करते रहते हैं। दुर्गम क्षेत्रों में त्वरित बचाव दल, एम्बुलेंस नेटवर्क और आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाना बेहद जरूरी है। स्थानीय लोगों को भी आपदा और प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि शुरुआती सहायता तुरंत मिल सके।

चम्बा के ककीरा में हुआ हादसा एक बार फिर यही चेतावनी दे रहा है कि यदि समय रहते सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं दी गई, तो ऐसे हादसे लगातार लोगों की जान लेते रहेंगे। पहाड़ों की खूबसूरती तभी तक अर्थ रखती है जब वहां सफर सुरक्षित हो। सरकार, प्रशासन, वाहन चालक और आम नागरिक सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

अब समय केवल शोक जताने का नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाने का है जिसमें किसी परिवार को अपने प्रियजनों को सड़क हादसों में खोने का दर्द न सहना पड़े। हिमाचल की सड़कें विकास और पर्यटन की पहचान बनें, मौत की घाटियां नहीं यही इस दर्दनाक हादसे से सबसे बड़ा सबक होना चाहिए।



# परिधान व्यक्ति की सोच, संस्कार, कर्म दर्शाता



**सुखदेव सिंह**
**स्वतंत्र पत्रकार नूरपुर**

परिधान ही व्यक्ति के कामकाज,संस्कार और सोच को दर्शाता है। सरकारी कर्मचारी,अधिकारी प्रोफैशनल होंगें तो राज्य सरकारों की छवि में सुधार होगा।हिमाचल प्रदेश में कुछेक सरकारी कर्मचारी,अधिकारी जींस,टीशर्ट और पार्टी वेयर कपड़े पहनने साथ सोशल मीडिया में विज्ञापन को अपना अतिरिक्त व्यवसाय बना चुके है। क्रिप्टो करंसी मकड़जाल में भारी मात्रा में सरकारी कर्मचारी अपना पैसा डुबो चुके है।सोशल मीडिया में बयानबाजी,टिपणियां करना और रील बनाना कर्मचारियों की आदत बनती जा रही है।जनता प्रति जिम्मेदारियां निभाने बजाए राजनीति में रुचि अधिक दिखाई देती ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। सरकारी कार्यालयों में कई बार जनता को अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता की सामने कुर्सी पर बैठा व्यक्ति सरकारी कर्मचारी या कोई अन्य। सरकारी कर्मचारी जींस,टीशर्ट और स्पोर्ट्स शूज पहने,कानों में एयर बर्ड्स लगाकर स्मार्ट मोबाइल फोन पर व्यस्त नजर आते है।सुख की सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड लागू किए जाने का फैसला सराहनीय है।सरकारी कर्मचारियों की अपनी एक अलग पहचान होना जरूरी है।पुरुष सरकारी कर्मचारी फार्मल पेंट,फुल बाजू बाली शर्ट, गले में टाई, काले जूते पहने और गले में पहचान पत्र लटकाए तो आकर्षित लगते है।वहीं महिला कर्मचारी,जींस पेंट,टीशर्ट की बजाए साड़ी, सलवार पहनें तो भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। देवभूमि में स्थिति इसके बिपरीत है।अधिकतर सरकारी कर्मचारी ऐसे सज धज कर आते मानों फैशन शो में जा रहे है।सरकारी कर्मचारियों का ड्रेस कोड सुधार सहित उनका जनता प्रति व्यवहार कुशल,सम्पर्ण भावपूर्ण होना जरूरी है। जनता द्वारा चुकाये जाना बाला टैक्स सरकारी कर्मचारियों,अधिकारियों का वेतन बनता यह बात उन्हें सदैव स्मरण रखनी चाहिए।सरकारी विभाग जनता की सेवा करने के लिए बनाए गए है।कुछेक सरकारी कर्मचारी,अधिकारियों का कामकाज इस कदर होता मानों वह जनता पर कोई एहसान कर रहे है।

सुख की सरकार ने बेशक ड्रेस कोड लागू किए जाने का फरमान जारी किया है।अब देखना यह होगा की सरकारी कर्मचारियों की यूनियन इस फैसले का कितना स्वागत करती है?।

हिमाचल प्रदेश में सरकारी कर्मचारी राजनितिक दलों की राज्य सरकारें बनाने में अपना महत्वपूर्ण रोल अदा करते है।ठीक यही बजह की सरकारी कर्मचारी अपनी मनमर्जी के स्वयं मालिक होते और सरकारों का कोई नियम,कानून उन पर सही लागू नहीं होता है।सरकारी कर्मचारी एक दिन में जनता प्रति कितना जवावदेह,उसकी जनता प्रति क्या जिम्मेदारियां,जनता उससे कितनी प्रभावित,ड्यूटी में अनुशासन प्रिय होना उसकी जाब डीस्क्रप्शन में शामिल होना चाहिए।आज सरकारी कर्मचारी कामकाज से अधिक सोशल मीडिया में ड्यूटी समय व्यस्त रहने कारण ऊर्जाविहीन नजर आते है। सरकारी विभागों में रोजगार के पद खत्म हो रहे है। राज्य सरकारें अपना राजस्व सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कर्मचारी अब पिटीए,अनुबध,आउट सोर्स,वन,रोगी,पशु और आपदा मित्रों के नाम पर रख रही है।कहने को यह कर्मचारी,मगर उन्हें मिलने बाला वेतन नाकाफ़ी है।कर्मचारियों को सही वेतन न मिलने की बजह से वह जनता प्रति पुरी तरह समर्पित नहीं होते है।चंद सिक्कों में रखे जाने बाले कर्मचारियों से ड्रेस कोड अपनाने की उम्मीद रखना बेईमानी होगी।ठीक इसी कारण भ्र्ष्टाचार में बृद्धि हो रही है।रिश्बत देने बाला व्यक्ति अपना काम कार्यालयों में निकलवाने में कामयाब हो रहा और आम आदमी चककर काटने को मजबूर है।ऐसा नहीं सरकारी विभागों में कुछेक कर्मचारी जनता प्रति पुरी जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते है।मगर गैर जिम्मेदारी से कार्य करने बालों की बजह से कर्तव्य परायण कर्मचारियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।अधिकतर सरकारी कर्मचारी माननीयों के खास होते जो अपना घर छोड़कर दूसरी जगह नौकरी करना पसंद नहीं करते है।राज्य सरकारों का कार्यकाल अपने चहेते कर्मचारियों को सेटल करने में व्यतीत हो जाता है।सवाल यह उठता क्या ऐसे सरकारी कर्मचारी,अधिकारी ड्रेस कोड नियमों की पालना कर सकते है?।

सरकारी कर्मचारी राज्य सरकारों की रीड हड्डी समान होते है। पूर्व भाजपा सरकार में सरकारी कर्मचारी जनता प्रति पुरी तरह जिम्मेदार होते तो लाखों रुपये जनमंचों पर खर्च नहीं होते।सुख की सरकार में सरकारी मशीनरी भी पुरी तरह लापरवाह है। आलाअधिकारी माननीयों के फोन नहीं उठाते तो जनता की समस्याएं फिर कौन सुनेगा।सुख की सरकार भी चलो गांव के द्वार कार्यक्रम चलाकर जनता की समस्याएं हल करने का अभियान चलाये हुए है।राज्य सरकार कर्जधारी बाबजूद भी सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पैंशन योजना लागू की है।कांग्रेस सरकार का तर्क की केंद्र सरकार ने ठीक इसी बजह से हिमाचल् प्रदेश को मिलने बाली रेवन्यू डेफीसिट ग्रांट रोक दी है।दशकों से मिलने बाला अनुदान रुकने से वर्तनमान सरकार के आर्थिक हालत सुखद नहीं है।सरकार ने माननीयों के केबिनेट रैंक को समाप्त करके उनके वेतन में कटौती की है।सरकारी कर्मचारियों,अधिकारी ड्रेस कोड अपनाकर जनता प्रति सदैव समर्पित रहकर जनता की सेवा किए जाना अपना परम कर्तव्य समझें।

# कृषि को संकट से बचाने की चुनौती



**इन्वेस्टमेंट इन्फोर्मेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (आइसीआरए) की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक कमजोर मानसून, अल नीनो के प्रभाव और पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के कारण भारतीय कृषि क्षेत्र के लिए मुश्किलें दिखाई दे रही हैं। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट में भी कहा गया है कि इस वर्ष कमजोर मानसून से भारत में कृषि की पैदावार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है। इससे महंगाई बढ़ने और विकास दर में कमी की आशंका है।**

भारतीय मौसम विभाग ने भी अल नीनो के कारण इस साल सामान्य से कम मानसून का अनुमान लगाया है। यह पूर्वानुमान पिछले 26 वर्षों में मानसून का सबसे कम शुरुआती अनुमान है। इससे देश में कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर असर पड़ सकता है। निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट की रिपोर्ट में भी इसी तरह का पूर्वानुमान जारी किया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश में 75 प्रतिशत वर्षा पर आधारित मानसून सीजन (जून से सितंबर) में 94 प्रतिशत वर्षा हो सकती है।

आंकड़े बताते हैं कि सामान्य से कम मानसून वाले वर्षों में जब बारिश का समय, वितरण और फैलाव लगभग समान रहा, तब खरीफ के उत्पादन में अधिक कमी नहीं हुई, किंतु गैर-सिंचित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर उगाई जाने वाली दलहन और तिलहन जैसी फसलों के लिए जोखिम पैदा हुआ। दलहन और तिलहन का कम उत्पादन खाद्य महंगाई पर असर डाल सकता है। एक ऐसे समय में जब पश्चिम एशिया संघर्ष से महंगे उर्वरक, महंगे तेल और आपूर्ति शृंखला बाधित होने से खेती की लागत बढ़ी है, तब कमजोर मानसून से न केवल किसानों और कृषि पर, वरन आम आदमी और अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर हो सकता है। इससे पेयजल समस्या की चुनौतियां भी बढ़ सकती हैं।

गत वर्ष के मानसून सीजन में अच्छी बारिश के कारण जलाशयों में पर्याप्त पानी है, लेकिन अब इस साल अल नीनो के खतरे और कमजोर मानसून की आशंका से जलाशय के सूखने और खेती के लिए पानी की कमी की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि पानी का स्टाक जल्दी खत्म हो सकता है।

नीति आयोग के मुताबिक देश के कुल फसल रकबे का केवल 55 प्रतिशत ही सिंचित है और 45 प्रतिशत खेती मानसून पर निर्भर है। कंपोजिट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स के अनुसार, गेहूं की लगभग 74 प्रतिशत और धान की 65 प्रतिशत खेती वाले क्षेत्र पहले से ही जल संकट का सामना कर रहे हैं। व्यावसायिक फसलों और उद्योगीकरण की ओर बढ़ते रुझान से भारत में मानसूनी वर्षा पर निर्भरता काफी बढ़ी है। यह परिदृश्य देश में अभी सहज स्थिति वाले कृषि क्षेत्र के समक्ष एक नई चुनौती बनकर दिखाई दे रहा है। इस वर्ष सामान्य से कम मानसून और खेती की बढ़ती लागत को देखते हुए कई बातों पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। अभी से ही जल संरक्षण के प्रयास शुरू होने चाहिए।

देश के विभिन्न हिस्सों में विविधतापूर्ण जलवायु है। देश कृषि अनुकूल जलवायु क्षेत्रों के मामले में समृद्ध है। अतः भारत को फसल विविधीकरण और खेती में आधुनिक तकनीक के एकीकरण के साथ आगे बढ़ना चाहिए। देश में अभी भी अनाज, दलहन तथा तिलहन का उत्पादन मौसम पर निर्भर होता है। ऐसे में क्षेत्रवार और फसलवार स्थितियों का व्यापक अध्ययन करते हुए सिंचाई व्यवस्था की नई नीति तैयार करनी चाहिए। हमें कमजोर मानसून के पूर्वानुमान के बीच खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए खाद्य भंडारण मजबूत करना चाहिए। वर्ष 2025-26 के लिए खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 17.41 करोड़ टन और रबी खाद्यान्न उत्पादन 17.45 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष 2024-25 की तुलना में एक बड़ी छलांग है। पिछले वर्ष खरीफ उत्पादन 16.94 करोड़ टन था, जिसमें इस बार लगभग 2.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं रबी उत्पादन पिछले वर्ष 16.91 करोड़ टन था, जिसमें इस बार 3.2 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। ईरान-अमेरिका युद्ध के बीच भारत में अनाज का यह रिकार्ड उत्पादन एक सुरक्षा कवच की तरह है। 2008 की वैश्विक मंदी में भी भारत की अर्थव्यवस्था खाद्यान्न ताकत के कारण ही बहुत कम प्रभावित हुई थी। छह साल पहले कोविड से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार देश के लिए बड़ा सहारा बन गए थे।

पिछले महीने अधिसूचित किए गए 50 लाख टन गेहूं के निर्यात आदेशों की पूर्ति अवश्य की जाए, लेकिन आगामी निर्यात आदेशों के लिए सजगता रखी जाए। हम इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि देश ने वर्ष 2021-22 में 70 लाख टन से अधिक गेहूं का निर्यात किया था, लेकिन वर्ष 2024 में गेहूं का आयात करना पड़ा था। ऐसे में अनाज बर्बाद होने से बचाने के लिए देश में वर्ष 2028 तक सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। कृषि में भी प्रौद्योगिकी संस्कृति को बढ़ावा देने और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के विकास पर जोर दिया जाना चाहिए। व्यापक भंडारण अभियान और कृषि-वित्तीय प्रौद्योगिकी तथा आपूर्ति शृंखलाओं में नवाचार को बढ़ाने के प्रयास किए जाने चाहिए। इससे किसानों और कृषि क्षेत्र को मुश्किलों से बचाते हुए आम आदमी एवं अर्थव्यवस्था की चिंताएं भी कम की जा सकती हैं।

## मतलब खत्म, पहचान खत्म



**नरेन्द्र भारती**
**वरिष्ठ पत्रकार**

अपने-अपने दायरे में इतने व्यस्त हो गए हैं कि अपनों के लिए भी एक पल निकालना मुश्किल लगता है।रिश्ते अब भावना पर नहीं, जरूरत पर टिके हैं।जब तक जरूरत है, तब तक साथ है।जिस दिन जरूरत खत्म, उसी दिन रिश्ता भी खत्म। व्यस्तता का मुखौटा और स्वार्थ की चादर हम कहते हैं, दायरों की दीवारें, रिश्तों की दूरी हर इंसान ने अपने चारों ओर एक अदृश्य दायरा खींच लिया है।उसी दायरे में उसका काम, उसका समय, उसकी सोच और उसकी दुनिया कैद है। समय नहीं है। पर सच ये है कि समय नहीं, प्राथमिकता नहीं है कल तक जो फोन पर सबसे पहले नाम आता था, आज वो नंबर डिलीट की सूची में है। कल तक जो घर का सबसे चहेता था, आज वो सिर्फ एक याद बनकर रह गया है।जब तक मतलब है, तब तक मुलाकात है, हालचाल है, संदेश है।जिस दिन मतलब खत्म, उसी दिन पहचान भी खत्म।व्यस्तता ने हमें एक ऐसा मुखौटा पहना दिया है, जिसमें हम खुद को कर्मठ कहते हैं, पर अपनों से दूर हो जाते हैं। पहचान का आधार स्नेह है, स्वार्थ नहीं पहचान का निर्माण वर्षों के साथ, भावनाओं के धागे से होता है।एक समय था जब रिश्ते बिना कारण के निभाए जाते थे।अब रिश्ते कारण के बिना टूट जाते हैं। एक-दूसरे के जीवन में तब तक रहते हैं, जब तक हमसे कोई काम है।

*जिस दिन काम खत्म, उसी दिन हम भी खत्म।*
*यही आधुनिक जीवन की सबसे बड़ी विडंबना है।*
*हम लोगों को नहीं, सुविधाओं को चुनते हैं।*
*और सुविधा बदलते ही, पहचान बदल जाती है।*

अंत में क्या बचता है दायरों में बंद जिंदगी, व्यस्तता के नाम पर खोया हुआ अपनापन।और फिर एक दिन हम खुद से पूछते हैं क्या मैंने रिश्ते निभाए, या सिर्फ जरूरतें पूरी कीं? क्या मैंने किसी के जीवन में पहचान बनाई, या सिर्फ अपना काम निकाला?

जब जवाब खाली होता है, तब समझ आता है – मतलब खत्म, पहचान खत्म।तब न फोन बजता है, न दरवाजा खटखटाता है।तब समझ आता है कि हमने लोगों को नहीं, अपने स्वार्थ को जिया है।दायरे छोटे रखिए, पर दिल बड़े रखिए।व्यस्तता जीवन का हिस्सा है, पर अपनों से दूरी उसका परिणाम न बने।

क्योंकि जब पहचान ही न बचे, तो फिर अपने कहलाने का अधिकार भी नहीं बचता।समय रहते अगर हमने रिश्तों को महत्व न दिया, तो एक दिन हम भी किसी के लिए मतलब बनकर रह जाएंगे। और जब मतलब खत्म होगा, तो पहचान भी खत्म हो जाएगी।रिश्ते निवेश हैं, लेन-देन नहीं। जिस दिन हम ये समझ जाएंगे, उसी दिन दायरों की दीवारें गिर जाएंगी।और तब पहचान खत्म नहीं होगी, बल्कि अमर हो जाएगी।

# आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ता भारत : प्रधानमंत्री की अपील

**हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से एक महत्वपूर्ण अपील की कि भारत को डिपेंडेंसी यानी दूसरों पर निर्भर रहने की मानसिकता से बाहर निकलकर आत्मनिर्भर बनना होगा। यह केवल एक राजनीतिक नारा नहीं बल्कि आने वाले भारत की आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक दिशा तय करने वाला विज़न माना जा रहा है। प्रधानमंत्री का यह संदेश देश के हर नागरिक, युवा, किसान, उद्योगपति और व्यापारी से जुड़ा हुआ है।**



**विशाल कल्याण**

आज पूरी दुनिया आर्थिक प्रतिस्पर्धा और तकनीकी बदलाव के दौर से गुजर रही है। कोरोना महामारी, वैश्विक युद्धों और आर्थिक संकटों ने यह साबित कर दिया कि जो देश अपनी जरूरतों के लिए दूसरों पर अधिक निर्भर रहते हैं, वे कठिन समय में कमजोर पड़ जाते हैं। इसी अनुभव ने भारत को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से सोचने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री मोदी की यह अपील उसी सोच को और मजबूत करने का प्रयास है।

आत्मनिर्भर भारत का अर्थ दुनिया से अलग होना नहीं है। इसका मतलब यह है कि भारत अपनी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बने और वैश्विक स्तर पर मजबूती के साथ खड़ा हो। लंबे समय तक भारत कई क्षेत्रों में विदेशी देशों पर निर्भर रहा है, चाहे वह तकनीक हो, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण या उद्योग। अब सरकार चाहती है कि भारत केवल उपभोक्ता न रहे बल्कि निर्माता भी बने।

इस सोच का सबसे बड़ा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर देखने को मिल सकता है। जब लोग स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों को अपनाएंगे, तब छोटे और मध्यम उद्योगों को मजबूती मिलेगी। इससे देश में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। भारत की बड़ी युवा आबादी के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि रोजगार आज सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। यदि देश में उत्पादन बढ़ेगा और नई फैक्ट्रियां लगेंगी, तो युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना भी बढ़ेगी।

तकनीकी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का महत्व और भी अधिक है। आज भारत मोबाइल, चिप्स और कई आधुनिक तकनीकों के लिए विदेशी कंपनियों पर निर्भर है। यदि भारत रिसर्च और नवाचार पर अधिक ध्यान देता है, तो आने वाले वर्षों में वह तकनीकी शक्ति बन सकता है। सरकार पहले ही सेमीकंडक्टर, डिजिटल तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री की यह अपील युवाओं को नए स्टार्टअप और नवाचार की दिशा में प्रेरित कर सकती है।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भारत की सुरक्षा को मजबूत करेगी। लंबे समय तक भारत हथियारों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहा है। लेकिन अब भारत स्वदेशी मिसाइलें, युद्धपोत, ड्रोन और लड़ाकू विमान बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यदि भारत रक्षा क्षेत्र में मजबूत बनता है, तो वह अपनी सुरक्षा के साथ-साथ दूसरे देशों को रक्षा उपकरण बेचकर आर्थिक लाभ भी कमा सकता है।

कृषि क्षेत्र में भी इस सोच का सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। यदि किसानों को आधुनिक तकनीक, बेहतर सुविधाएं और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का समर्थन मिले, तो गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इससे किसान आत्मनिर्भर बनेंगे और ग्रामीण विकास को गति मिलेगी।

शिक्षा के क्षेत्र में भी बदलाव जरूरी होगा। अब केवल डिग्री आधारित शिक्षा पर्याप्त नहीं है। युवाओं को कौशल, तकनीक और उद्यमिता की ओर बढ़ाना होगा। यदि शिक्षा प्रणाली युवाओं को नौकरी खोजने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनाए, तो भारत की आर्थिक स्थिति और मजबूत हो सकती है।

हालांकि आत्मनिर्भरता की राह आसान नहीं है। इसके लिए बेहतर नीतियां, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रिसर्च में निवेश जरूरी होगा। भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता भी अंतरराष्ट्रीय स्तर की होनी चाहिए, तभी वे वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा कर पाएंगे।

भविष्य में प्रधानमंत्री मोदी की यह अपील भारत की नई आर्थिक नीति का आधार बन सकती है। यदि सरकार और जनता मिलकर इस दिशा में कार्य करें, तो भारत रोजगार, तकनीक, उद्योग और रक्षा के क्षेत्र में दुनिया की बड़ी शक्तियों में शामिल हो सकता है। इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, युवाओं को अवसर मिलेंगे और भारत वैश्विक मंच पर अधिक प्रभावशाली बनकर उभरेगा।

अंत में कहा जा सकता है कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक योजना नहीं बल्कि देश को मजबूत, सक्षम और आत्मविश्वासी बनाने का राष्ट्रीय अभियान है। आने वाले समय में इसका असर भारत के विकास और विश्व में उसकी स्थिति पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकता है।

**साभार**
**विशाल कल्याण**
**सहायक प्रोफेसर**
**महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी**
**सोलन**



## गोयला स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

**पट्टा मेहलोग, 11 मई ( तारा )**– शिक्षा खंड पट्टा महलोग के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोयला का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 68 प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ संजय कुमार ने बताया कि विद्यालय के

तरुण्य शर्मा सपुत्र सुनील कुमार ने 700 में से 672 अंक (96%) प्राप्त करके प्रथम, रितिका सपुत्री नरेंद्र मोहन ने 655 (93.6%) प्राप्त करके द्वितीय तथा राधिका सपुत्री शंकर लाल ने 636 (90.86%) अंक प्राप्त करके विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त करके अपने माता पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है। पाठशाला के प्रधानाचार्य डॉ संजय कुमार शर्मा, एसएमसी अध्यक्ष गुरुदेव वर्मा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की।

## संक्षिप्त न्यूज

### 34वें विशाल भगवती जागरण से पूर्व नव दुर्गा माता मंदिर बरठीं खरोटा में चला स्वच्छता अभियान



**बिलासपुर ( जितेंद्र गौतम )**– नव नव दुर्गा माता मंदिर बरठीं खरोटा में आगामी 16 मई को होने वाले ब्रह्मलीन महन्त महिन्द्र जी महाराज एवं महन्त कृष्ण लाल मलिक की पुण्य तिथि के सुअवसर पर 34 वें विशाल भगवती जागरण को मध्य नज़र रखते हुए मन्दिर प्रशासन के अध्यक्ष पूर्ण चंद नैयर, महासचिव विपिन सिंगला, जोगिंदर जोशीला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन कुमार, सहित मन्दिर परिसर में चल रहे कार्य का निरीक्षण किया इस अवसर पर समीपवर्ती गांव खरोटा की महिला मंडल की प्रधान के नेतृत्व में महिलाओं ने मन्दिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस अवसर पर उन्होंने मन्दिर परिसर में सभी मन्दिर व आसपास एवं प्रांगण की पूरी निष्ठा के साथ सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है इस अवसर पर उन्होंने मां के बहुत ही सुन्दर भजन मन्दिर परिसर में प्रस्तुत किए इस अवसर पर लता देवी, रजनी,फूला, निर्मला, रीता, शकुंतला देवी, सरोज वाला, नीलाम कुमारी, गायत्री देवी,मोनिका, सुषमा कुमारी वीना देवी सहित अन्य महिलाओं ने मां भगवती के जागरण में स्वच्छता अभियान शुरू करके मां का आशीर्वाद प्राप्त किया है इस अवसर पर सहायक मुख्य पुजारी विवेक कुमार ने समस्त भक्तों को प्रसाद एवं 34 वे विशाल भगवती जागरण की शुभकामनाएं दीं हैं।

### जिला बिलासपुर में विभिन्न पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए 4727 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

**बिलासपुर( जितेंद्र गौतम )**– जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला विभिन्न पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए कुल 4727 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए है। जिनमें जिला परिषद के लिए 88 पंचायत समिति के लिए 435 तथा ग्राम पंचायतों के विभिन्न पदों के लिए 4204 उम्मीदवार शामिल है।

उन्होंने बताया कि जिला की 14 जिला परिषद वार्डों के लिए कुल 88 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए है जबकि 4 पंचायत समितियों के लिए कुल 435 उम्मीदवारों ने नामांकन भरे है जिनमें बिलासपुर सदर के लिए 112, घुमारवीं से 163, झण्डुता से 105 तथा श्री नैना देवी जी पंचायत समिति के लिए 55 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र शामिल है। इसी तरह जिला की 182 ग्राम पंचायतों के लिए कुल 4204 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र भरे है। जिनमें प्रधान पद के लिए 871, उप प्रधान पद के लिए 963 तथा पंचायत सदस्यों के लिए 2370 उम्मीदवार शामिल है।

### बैरीमियां दंगल प्रतियोगिता में जितेंद्र बने विजेता, हिमाचल-पंजाब के पहलवानों ने दिखाया दमखम

**बिलासपुर ( जितेंद्र गौतम )**– वीर लखदाता दंगल समिति बैरीमियां गेहड़वीं द्वारा विशाल दंगल का आयोजन किया गया जिसमें हिमाचल, पंजाब और हरियाणा के नामी पहलवानों ने भाग लिया। सर्वप्रथम कैप्टन मलकीयत सिंह चंदेल ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा समिति को 5100 रुपये भेंट किए। दंगल में बहुत ही शानदार कुश्तियां देखकर दर्शकों ने खूब आन्नद लिया तथा दर्शकों द्वारा आयोजन को बहुत सराहा गया। इस दंगल का मुख्य आकर्षण विशेष कुश्तियां रहीं जिसमें नोनू चंडीगढ़ और दीपा मूल्लापुर के बीच हुई कुश्ती में नोनू चंडीगढ़ ने जीती । दूसरी कुश्ती हरी चंडीगढ़ और भोलू ऊना के बीच मुकाबला हुआ जिसमें हरी चंडीगढ़ ने बाजी मारी। तीसरी विशेष कुश्ती सौरव ऊना और पवन मुल्लापुर के बीच हुई जिसमें सौरव नैना देवी ने जीता। दंगल फाइनल का मुकाबला जूमझेड़ी अखाड़ा सरहिंद के पहलवान जितेंद्र और पप्पू नैना देवी के बीच हुआ, जितेंद्र विजेता रहे तथा पप्पू विजेता रहा। विजेता पहलवान को दंगल समिति की ओर से 10000 तथा गुर्ज दिया गया जबकि उप विजेता को 8000 दिए गए। दंगल के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति अधिशासी अभियंता जल विभाग श्री रतन देव रहे जिन्होंने दंगल के सफल आयोजन के लिए समिति को 31000 दिये। साथ ही विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे युवा नेता श्री देवांश चंदेल ने 11000 भेंट किये। इस दंगल को देखने पहुंचे सभी स्थानीय दर्शकों ने खूब सराहा तथा बैरीमियां दंगल समिति को बधाई दी। दंगल समिति के प्रधान श्री वासुदेव गौतम ने सभी दर्शकों तथा गांव के सभी लोगों का तथा समिति सदस्यों का धन्यवाद किया। उन्होंने डॉ उमेश चंदेल द्वारा 11000 देने के लिए भी धन्यवाद किया। इस अवसर पर कृष्ण सिंह चंदेल, जसवंत चंदेल, हरि सिंह चंदेल, पुरुषोत्तम सिंह चंदेल, तरसेम चंदेल, सुखदेव चंदेल , जगदीश चंदेल, नरोत्तम चंदेल, सुभाष चंदेल, दिनेश चंदेल, सुरेंद्र चंदेल, गुरुदेश चंदेल, शशि चंदेल, ओमदेव गौतम, गुरबचन चंदेल, डॉ उमेश चंदेल, रविकांत चंदेल, श्री अजीत चंदेल, श्री परमेश चंदेल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस सरकार से मंडी की उपेक्षा का बदला ले जनता : जयराम ठाकुर

» प्रथम न्यूज । मंडी
11 मई ( एएम नाथ )



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी नगर निगम चुनाव में प्रचार अभियान को नई धार देते हुए पांच नुक्कड़ जनसभाओं के माध्यम से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की और इस दौरान उन्होंने पड्डल, नेला, तलयाहड़, भगवाहन तथा मंगवाई में लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस की प्रदेश सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि झूठी गारंटी के सहारे सत्ता में आकर आपको धोखा देने वाली इस सरकार से बदला लेने का मौका आ गया है।

उन्होंने वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि साढ़े तीन साल का कार्यकाल बीत जाने के बाद भी व्यवस्था परिवर्तन का दावा करने वाली यह सरकार मंडी की जनता की निरंतर उपेक्षा कर रही है और विकास कार्यों को गति देने के बजाय भाजपा सरकार द्वारा आवंटित 15 करोड़ रुपए के बजट को वापस लेकर अन्यत्र खर्च कर दिया गया, जिससे स्पष्ट होता है कि इस सरकार की प्राथमिकता में विकास नहीं बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध है। शहरी विकास मंत्री केंद्र से अनुमोदित प्रोजेक्ट को अपनी उपलब्धि बताकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन साल आपको मंडी की याद नहीं आई और जब चुनाव आए तो 180 करोड़ बजट प्रावधान का शगूफा छोड़कर आप जनता को भ्रमित कर रहे हैं।

उन्होंने जनता को याद दिलाया कि मंडी में वर्तमान में जो भी विकास दिख रहा है, वह केंद्र सरकार द्वारा जारी बजट का ही परिणाम है और राज्य की प्रगति के लिए केंद्र के साथ चलना अनिवार्य है, ताकि भविष्य में जब हिमाचल में भाजपा की सरकार बने तो डबल इंजन की शक्ति से विकास की रफ्तार को दोगुना किया जा सके।

कांग्रेस सरकार को एक साल की मेहमान बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में विदाई की शहनाई बज चुकी है और देश के 22 राज्यों की तरह हिमाचल में भी जल्द ही भाजपा की वापसी होगी क्योंकि जनता कांग्रेस की झूठी गारंटियों की असलियत पहचान चुकी है और इन नगर निगम चुनावों से ही कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ फेंकने का शंखनाद होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश को तीन दशक पीछे धकेल दिया गया है और जहां एक ओर जनता के लिए खजाना खाली होने का रोना रोया जाता है, वहीं दूसरी ओर मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं है, इसलिए मुख्यमंत्री को केंद्रीय बजट के खर्च पर %श्वेत पत्र% जारी करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से मंडी शिवधाम प्रोजेक्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके द्वारा प्रस्तावित 250 करोड़ के भव्य प्रोजेक्ट के बजट को मुख्यमंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र नादौन ले गए और इस महत्वाकांक्षी परियोजना का स्वरूप छोटा कर इसे बर्बाद कर दिया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्र प्रथम की अपील को जनता के बीच रखा

राष्ट्र निर्माण के व्यापक दृष्टिकोण को साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्र प्रथम की अपील को जनता के बीच रखा। उन्होंने आह्वान किया कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमें प्रधानमंत्री के सात संकल्पों को अपने जीवन में उतारना होगा। जयराम ठाकुर ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इन सात सूत्रों और वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाकर ही हम भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बना सकते हैं।






बुटाइला मेहलोग के यशविन्दर और शालिनी को शादी की सालगिरह पर प्रथम न्यूज की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

## हरिपुर की सुहाना ने 10वीं में हासिल किए 90 प्रतिशत अंक

» प्रथम न्यूज । पट्टा मेहलोग
11 मई ( तारा )



ग्राम पंचायत सूरजपुर के अंतर्गत पड़ते प्रसिद्ध गांव हरिपुर की होनहार छात्रा सुहाना ने दसवीं की वार्षिक परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने परिवार तथा पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुहाना ने दसवीं की परीक्षा राजकीय उच्च विद्यालय सूरजपुर मेहलोग से दी थी

सुहाना, प्रीतपाल कौंडल व रीना की पुत्री है। बेहद साधारण परिवार से संबंध रखने वाली इस छात्रा ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है।

**सुहाना ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजनों तथा अपने दादा शिक्षाविद** – नंद लाल कौंडल के सहयोग व आशीर्वाद को दिया है। उसने बताया कि उसका सपना प्रशासनिक सेवाओं में जाकर क्षेत्र और समाज का नाम ऊंचा करना है, ताकि वह लोगों की सेवा कर सके और जरूरतमंदों की मदद कर सके। सुहाना की इस उपलब्धि पर गांव हरिपुर तथा आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों, स्कूल प्रबंधन और सामाजिक संगठनों ने छात्रा को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। लोगों का कहना है कि सुहाना ने यह साबित कर दिया है कि सरकारी स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते हुए मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर हर मुश्किल को पार किया जा सकता है।

### लोधीमाजरा स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम शानदार, संतोष देवी ने किया टॉप

**बीबीएन, 11 मई ( तारा )** – राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोधीमाजरा का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष सराहनीय रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मार्च माह में आयोजित बोर्ड परीक्षा में स्कूल के 42 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिनमें से 27 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 10 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

उन्होंने बताया कि छात्रा संतोष देवी ने 700 में से 648 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं शालू ने 639 अंक लेकर द्वितीय तथा शिवानी ने 625 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि से स्कूल में खुशी का माहौल है।

प्रधानाचार्य रमेश कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का ही यह उत्कृष्ट परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।




## सनराईज पब्लिक स्कूल बरुणा के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में लहराया परचम

**बच्चों की इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल में खुशी की लहर**



**नालागढ़ 11 मई ( गुरजीत सिंह ) :** चंगर क्षेत्र के प्रतिष्ठित सनराईज पब्लिक स्कूल बरूणा के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मार्च 2026 में दसवीं से कुल 93 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। 15 बच्चों ने 95% से उपर अंक प्राप्त किए हैं। 27 विद्यार्थियों ने 90त्न से 95त्न के बीच अंक प्राप्त किए हैं।17 विद्यार्थियों ने 85त्न से 90त्न के बीच अंक प्राप्त किए हैं। सिमरन कौर 688/700(98.3%) ने प्रथम स्थान,तरनजीत कौर ने 682/700(97.4%) दूसरा स्थान व हरसिमरत कौर,नलिनी,जैसिका ने 681/700(97.3%) अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। ईशा 678/700(96.8%) , हर्षिता ने 675/700(96.4%),दिक्षा,नाजिया,मनप्रीत कौर ने 674/700(96.2%)अंक प्राप्त किए हैं। दो बच्चों ने गणित में 100/100,तीन बच्चों ने साइंस में 100/100 व दो बच्चों ने कम्प्यूटर विषय में 100/100 अंक प्राप्त किए हैं।

स्कूल में शानदार परीक्षा परिणाम पर खुशी की लहर है। स्कूल के अध्यक्ष कुलवंत सिंह ,प्रधानाचार्य हरदीप कौर ने सभी विद्यार्थियों,उनके अभिभावकों को बच्चों की सफलता पर हार्दिक बधाई दी व बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रबंधन ने समस्त स्कूल स्टाफ को बधाई दी जिनकी अथक मेहनत व लगन से ये उत्कृष्ट परिणाम आया है।

# मंडी में चमके चंबा के टेबल टेनिस सितारे, श्रेयांस ने जीते दो स्वर्ण

**हिमाचल प्रदेश रैंकिंग प्रतियोगिता में चंबा का दबदबा, खिलाड़ियों ने बटोरे पदक**

» प्रथम न्यूज । चंबा
11 मई ( एएम नाथ )

हिमाचल प्रदेश टेबल टेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 10 मई तक मंडी में किया गया, जिसमें जिला चंबा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में चंबा के खिलाड़ियों ने लड़कों और लड़कियों दोनों वर्गों में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर जिले का नाम प्रदेशभर में रोशन किया।

लड़कों के वर्ग में श्रेयांस ठाकुर पुत्र मंजीत ठाकुर, निवासी गांव भनोटा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 और मेंस श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल किए। श्रेयांस की इस उपलब्धि ने प्रतियोगिता में चंबा की मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाई। वहीं स्वजन्य गोस्वामी पुत्र संतोष गोस्वामी, निवासी मोहल्ला माई का बाग ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए रजत पदक अपने नाम किया। अथर्व ठाकुर पुत्र बलबीर ठाकुर, निवासी मोहल्ला ओबेरी ने कांस्य पदक जीतकर चंबा की झोली में एक और उपलब्धि डाली।

लड़कियों के वर्ग में चंबा की यादवी ठाकुर ने अंडर-11 श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के अनुशासित और तकनीकी खेल की खूब सराहना हुई। विशेष बात यह रही कि ये सभी खिलाड़ी चंबा शहर स्थित पैरामाउंट टेबल टेनिस अकैडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह अकैडमी चंबा की एकमात्र तथा प्रदेश की दूसरी निजी टेबल टेनिस अकैडमी मानी जाती है। अकैडमी के प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना रहे हैं।

जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन चंबा ने सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए कहा कि श्रेयांस ठाकुर, स्वजन्य गोस्वामी और अथर्व ठाकुर पिछले कई वर्षों से जिला चंबा के लिए लगातार पदक जीतते आ रहे हैं। यही कारण है कि हर वर्ष हिमाचल प्रदेश की टीम का राष्ट्रीय चैंपियनशिप में नेतृत्व भी यही खिलाड़ी कर रहे हैं। खिलाड़ियों की इस सफलता से जिले में खेल प्रतिभाओं को नई प्रेरणा मिली है और आने वाले समय में इनसे राष्ट्रीय स्तर पर और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।









# अंतिम दिन जिला परिषद के लिए 48 तथा पंचायत समितियों के लिए 194 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन पत्र

» प्रथम न्यूज । बिलासपुर
11 मई ( धर्मपाल )

जिला बिलासपुर में पंचायती राज संस्थाओं के नामांकन पत्र दाखिल करने के तीसरे व अंतिम दिन जिला परिषद के विभिन्न वार्डों के लिए कुल 48 तथा पंचायत समितियों के लिए 194 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

इस बारे जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि जिला पंचायती राज संस्थाओं के नामांकन पत्र भरने के आज अंतिम दिन विभिन्न जिला परिषद वार्डों के लिए कुल 48 उम्मीदवारों तथा पंचायत समितियों के लिए 194 ने अपने नामांकन पत्र भरे हैं।

उन्होंने बताया कि जिला की चार पंचायत



समितियों के लिए 194 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं, जिनमें घुमारवीं पंचायत समिति के लिए 64, झंडूता पंचायत समिति के लिए 43, श्री नैना देवी जी पंचायत समिति के लिए 33 तथा पंचायत समिति सदर से 54 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त जिला की कुल 182 ग्राम पंचायतों के लिए नामांकन प्रस्तुत करने के अंतिम दिन 1744 उम्मीदवारों ने प्रधान, उप प्रधान तथा वार्ड सदस्यों के लिए नामांकन पत्र प्रस्तुत किये हैं।

जिनमें सदर विकास खंड के तहत 110 प्रधान, 164 उप प्रधान तथा 333 वार्ड सदस्यों के लिए नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। इसी तरह जहां घुमारवीं विकास खंड के अंतर्गत प्रधान पद के लिए 96, उप-प्रधान पद के लिए 140 तथा वार्ड सदस्यों के लिए 282 ने नामांकन दाखिल किये हैं तो वहीं झंडूता विकास खंड के अंतर्गत प्रधान के लिए 90, उप-प्रधान के लिए 81 तथा वार्ड सदस्यों के लिए कुल 204 उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किये हैं। इसी तरह श्री नैना देवी जी विकास खंड के तहत प्रधान के लिए 49, उप-प्रधान के लिए 66 तथा वार्ड सदस्यों के लिए 129 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किये हैं।

उन्होंने कहा कि नामांकन पत्रों की जांच 12 मई को प्रात: 10 बजे से संबंधित कार्यालयों में की जाएगी, जबकि 14 तथा 15 मई को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 26, 28 तथा 30 मई को सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में मतदान करवाया जाएगा। ग्राम पंचायतों के मतों की गिनती संबंधित ग्राम पंचायतों में मतदान पूर्ण होने के उपरांत की जाएगी जबकि जिला परिषद और पंचायत समितियों के मतों की गिनती 31 मई को निर्धारित मतगणना केंद्रों पर की जाएगी।

# दिल्ली ने पंजाब के मुंह से छीनी जीत, किंग्स ने लगाया हार का चौका



डेविड मिलर और आशुतोष शर्मा की तूफानी पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेले गए आईपीएल-2026 के मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया। ये मैच पंजाब के हाथ में था जो मिलर और आशुतोष की पारियों ने छीन लिया और इसी के साथ पंजाब के हाथ से नंबर-1 बनने का मौका भी चला गया।

पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 59) और प्रियांश आर्या (56) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर पांच विकेट खोकर 210 रन बनाए। दिल्ली की टीम ने 19 ओवरों में सात विकेट खोकर ये टारगेट हासिल कर लिया। ये पंजाब की लगातार चौथी हार है।

**पावरप्ले में दिखी कमजोर**

दिल्ली को तेज शुरुआत की जरूरत थी जिसके लिए उसे पावरप्ले का फायदा उठाना था, लेकिन मेहमान टीम ये काम नहीं कर सकी। छह ओवरों के बाद उसका स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर 47 रन था। दूसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर यश ठाकुर ने अभिषेक पोरेल को बोल्ड कर दिया। पोरेल ने पांच रन बनाए।

अगले ओवर की तीसरी गेंद पर मार्को यानसेन ने अर्शदीप सिंह की गेंद पर शानदार कैच लेकर केएल राहुल को भी पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने नौ रन बनाए। अर्शदीप ने फिर साहिल परख को भी अपना शिकार बनाया। साहिल पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर 13 रन बनाकर आउट हुए।

अक्षर पटेल और ट्रिस्टन स्टब्स की जोड़ी के बीच एक साझेदारी होती दिख रही थी। लेकिन दोनों के बीच हुई कन्फ्यूजन और कूपर कोनोली की सीधी थ्रो ने स्टब्स की पारी का अंत कर इस साझेदारी को तोड़ा। स्टब्स ने 17 गेंदों पर 12 रन बनाए।

**अक्षर को मिला मिलर का साथ**

स्टब्स के आउट होने के बाद अक्षर को तूफानी बल्लेबाज डेविड मिलर का साथ मिला। इन दोनों ने मिलकर दिल्ली को मैच में वापस लाने की पूरी कोशिश की और सफल भी रहे। दोनों ही बल्लेबाज लगातार बड़े शॉट्स मार रहे थे और पंजाब के गेंदबाजों पर दवाब बना रहे थे। 14वें ओवर की चौथी गेंद पर अक्षर ने चौका मारा और अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसी ओवर की आखिरी गेंद पर अक्षर एक और बड़ा शॉट खेलने के कारण आउट हो गए। उन्होंने 30 गेंदों पर आठ चौके और दो छक्कों की मदद से 56 रन बनाए। अक्षर और मिलर के बीच 64 रनों की साझेदारी हुई।

**मिलर से थी उम्मीदें**

अक्षर के जाने के बाद दिल्ली की सारी उम्मीदें मिलर पर टिकी थीं। मिलर लय हासिल कर चुके थे और तेजी से रन बना बना रहे थे। उन्होंने 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर छक्का मार अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर प्रभसिमरन सिंह ने शानदार कैच लपक मिलर की पारी का अंत कर दिया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 28 गेंदों पर तीन चौके और चार छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। आखिरी तीन ओवरों में दिल्ली को 36 रन चाहिए थे।

**आशुतोष का कमाल**

आशुतोष ने 18वें ओवर में एक छक्का और एक चौका मारा। इसी ओवर में माधव तिवारी ने एक छक्का मार मैच को दिल्ली की तरफ मोड़ दिया। मार्कस स्टोइनिस द्वारा फेंके गए इस ओवर में कुल 19 रन आए। यहां से दिल्ली को 12 गेंदों पर 17 रनों की जरूरत थी। आशुतोष 19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हो गए, लेकिन वह अपना काम कर गए थे। दाएं हाथ का ये बल्लेबाज जब आउट हुआ तो दिल्ली को जीत के लिए सात गेंदों पर छह रनों की जरूरत थी। आशुतोष ने 10 गेंदों पर 24 रन बनाए जिसमें दो चौके और दो छक्के शामिल रहे। आकिब नबी ने छक्का मार दिल्ली को जीत दिलाई।

**प्रियांश ने मचाया कोहराम**

दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला किया। प्रियांश और प्रभसिमरन ने पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़े। पंजाब ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 72 रन बनाए। दिल्ली की ओर से पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित पंजाब के प्रारंभिक बल्लेबाज के रूप में उतरे पंजाब के प्रियांश ने देखते ही देखते रनों की बौछार कर माहौल में गर्मी ला दी। मिचेल स्टार्क के पहले ही ओवर में प्रियांश ने छक्का जड़ कर अपने इरादे जाहिर कर दिए।

मिचेल की पांचवीं गेंद पर भी प्रियाशं ने छक्का लगाया। प्रभसिमरन ने भी चौका लगाकर अपने हाथ खोले। इस तरह पहले ही ओवर में पंजाब के खाते में 22 रन आए। आकिब के दूसरे ओवर में भी प्रियांश रुके नहीं और दूसरी गेंद पर छक्का लगा दिया। दूसरे ओवर की दूसरी गेंद तक प्रियांश आठ गेंद पर 19 रन बना कर बेहद खतरनाक नजर आ रहे थे। इस ओवर में टीम का स्कोर बगैर विकेट 34 हो गया था। तीसरे ओवर में स्टार्क की जगह लुंगी एंगिडी लगाए गए, लेकिन उन्हें भी प्रियांश ने नहीं बख्शा और उनकी लगातार दो गेंदों पर छक्के ठोककर उनका वेलकम किया।

तीसरे ओवर में पांच छक्कों और एक चौके के साथ महज 16 गेंद में प्रियांश 40 रन पर पहुंच गए। वहीं, प्रभसिमरन पांच गेंद पर नौ रन पर खेल रहे थे। इस तरह दोनों ने टीम का स्कोर 51 रन पहुंचा दिया था। वहीं पारी के चौथे ओवर में आकिब ने सात रन देकर कुछ हद तक पंजाब पर अंकुश लगाया। लेकिन पांचवें ओवर में आए मुकेश के लिए भी प्रियांश को रोक पाना आसान नहीं रहा, इस बल्लेबाज ने उनकी भी पहली ही गेंद पर सिक्स जड़ दिया। मुकेश के ओवर से 11 रन आए। दिल्ली के गेंदबाजों को प्रियांश पर लगाम लगाने की कोई राह नहीं सूझ रही थी। जल्द ही प्रियांश ने महज 24 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

दूसरी ओर प्रभसिमरन भी 12 गेंद पर 17 रन बनाकर बेहतर नजर आ रहे थे। इस तरह छठे ओवर तक टीम का कुल योग 72 रन पर पहुंच गया।

**पावरप्ले में लगा पहला झटका**

पंजाब को पावरप्ले में पहला झटका लगा। छठे ओवर की पांचवीं गेंद पर पंजाब को पहला झटका प्रभसिमरन के रूप में लगा। इस समय टीम का स्कोर 78 रन था। इसके बाद मैदान में कप्तान श्रेयस अय्यर आए। श्रेयस अय्यर ने सातवें ओवर में अपना खाता आकिब को चौका जड़ते हुए खोला। इसके बाद अगली ही गेंद पर फिर से चौका लगाया। आठ ओवर में एक विकेट के नुकसान पर पंजाब ने 88 रन बना लिए थे। आठवें ओवर में पंजाब को दूसरा झटका प्रियांश के रूप में लगा। उन्होनें 33 गेंदों में 56 रन जोड़े। जिसमें उनके दो चौके व छह छक्के शामिल हैं। उन्हें माधव तिवारी की गेंद पर साहिल ने कैचआउट किया।

पंजाब ने अपना तीसरा विकेट कोनोली के रूप में खोया। कोनोली की विकेट 17.4 ओवर में 180 की टीम स्कोर पर उड़ी। माधव तिवारी की गेंद पर उन्हें डेविड मिलर ने कैच आउट किया। उन्होंने 27 गेंदों में तीन चौके व दो चक्कों की मदद से 39 रन बनाए। मार्कस स्टोइनस से तूफानी पारी की उम्मीद थी लेकिन वह एक रन से आगे अपनी पारी नहीं ले जा सके। वह मिचेल की गेंद पर माधव के हाथों लपके गए। शशांक सिंह इस मैच में खाता तक नहीं खोल पा। स्टार्क ने उनका विकेट अपने नाम किया। सूर्यांश ने स्टार्क को हैट्रिक नहीं लेने दी। उन्होंने आठ गेंदों पर दो चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 21 रन बनाए।



## गिल, राहुल, यशस्वी, पंत... अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच में खेलेंगे टीम इंडिया के ये खिलाड़ी?

अफगानिस्तान के खिलाफ इकलौते टेस्ट के लिए टीम इंडिया का ऐलान होना अभी बाकी है. लेकिन, उसमें किन-किन खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है, उसे लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है.

IPL 2026 के खत्म होने के बाद अफगानिस्तान की टीम एक टेस्ट और 3 वनडे की सीरीज के लिए भारत का दौरा करने वाली है. भारत और अफगानिस्तान के बीच इकलौता टेस्ट न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर स्टेडियम में 6 से 10 जून के बीच खेला जाना है.

### अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगी मेन टीम!

अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट के लिए भारत की टीम का ऐलान अभी भले नहीं हुआ है लेकिन टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट की मानें तो उसमें भारतीय टेस्ट टीम के रेग्यूलर मेंबर ही खेलते नजर आ सकते हैं. अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट को WTC साइकिल में नहीं है बावजूद इसके उसमें भारत की टेस्ट टीम के मेन बल्लेबाज ही खेलते दिख सकते हैं.

**वर्कलोड को लेकर मेडिकल टीम ने दी हरी झंडी** - TOI की पिछले महीने की रिपोर्ट में ऐसी खबर थी कि अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट से भारत के सीनियर खिलाड़ियों के वर्कलोड को देखते हुए उन्हें आराम दिया जा सकता है. लेकिन, अब मेडिकल टीम की ओर से भारतीय बल्लेबाजों के वर्कलोड को लेकर हरी झंडी मिलने के बाद BCCI ने फुल स्ट्रेंथ टीम ही अफगानिस्तान के खिलाफ उतारने का मन बनाती दिख रही है.

**गिल, राहुल, यशस्वी, पंत... अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेंगे?**

रिपोर्ट के मुताबिक अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में फुल स्ट्रेंथ भारतीय टीम उतारने का मतलब है कि उसकी कमान शुभमन गिल के हाथों में होगी. वहीं केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल के कंधे पर ओपनिंग का दारोमदार होगा. जबकि, ऋषभ पंत मिडिल ऑर्डर में जान डालते दिख सकते हैं.

**साई सुदर्शन को किया जा सकता है ड्रॉप** - एक ओर इन खिलाड़ियों के जहां अफगानिस्तान के खिलाफ खेलने के आसार हैं, वहीं दूसरी ओर नंबर 3 से साई सुदर्शन का पत्ता कटने की भी रिपोर्ट है. ऐसी रिपोर्ट है कि BCCI सुदर्शन की जगह देवदत्त पडिक्कल को आजमाने के मूड में है, जिन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अच्छे रन बनाए हैं.

### बुमराह को दिया जा सकता है आराम

अफगानिस्तान के खिलाफ भारतीय बैटिंग ऑर्डर में बदलाव भले ना होने की खबर हो मगर बॉलिंग के मोर्चे पर पेस अटैक में चेंज दिख सकता है. रिपोर्ट के मुताबिक बुमराह को अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट से आराम दिया जा सकता है.

TOI की रिपोर्ट के मुताबिक BCCI मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के खेलने पर भी अंतिम फैसला IPL में उनके वर्कलोड की जांच करने के बाद ही करेगी. ऐसी खबर है कि रणजी ट्रॉफी में अपने दमदार प्रदर्शन से ध्यान खींचने वाले आकिब नबी को अफगानिस्तान के खिलाफ मौका मिल सकता है.

### अफगानिस्तान के खिलाफ संभावित टेस्ट टीम

शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरैल, नीतीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकिब नबी, हर्ष दुबे, मोहम्मद शमी, अंशुल कंबोज



# शतप्रतिशत रहा, बच्चों के सम्मान में जल पान का किया आयोजन



**बिलासपुर (जितेंद्र गौतम)**- जिला बिलासपुर के अन्तिम छोर पर स्थित पंजाब हिमाचल सीमा की साथ लगती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मजारी के प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर ने बताया कि बच्चों ने आशानुरूप प्रदर्शन किया है इसके लिए सभी अध्यापक, अभीभावक और विद्यार्थियों को बधाई, कक्षा+2 में प्रथम स्थान पर रहने वाली सिमरनजीत कौर ने 402अंक हासिल किए तथा इसका सपना प्रशासनिक सेवा में जाकर महिला उत्थान के लिए कार्य करने का है दूसरे स्थान पर अर्श पलक ने 401अंक हासिल किए तथा वह सेना में जाकर देश सेवा करना चाहती हैं वहीं तीसरे स्थान पर 375अंक प्राप्त करने वाली खुशी अपना स्टार्ट अप खोल कर यहां के बच्चों के लिए प्रेरणा बनना चाहते हैं,

इसी प्रकार दसवीं बोर्ड कक्षा के परिणाम में तनवीर कौर ने 639अंक हासिल प्रथम स्थान, चरणप्रीत कौर 637अंक लेकर दूसरे एवं मनजोत सिंह 575 प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया

इन सभी होनहारों ने अपने अध्यापकों की लग्न और समर्पण की खूब प्रशंसा की, सभी एक स्वर में कहते हैं बिना शिक्षा से कुछ नहीं है, हमारी पाठशाला के प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर ने अध्यापकों के खाली चल रहे पदों का असर कम से कम बच्चों की पढ़ाई पर पड़े उसके सदैव प्रयास किए और अध्यापकों ने स्वयं उन विषयों का अध्ययन कर हमें पढ़ाया अतः हम अपनी सफलता का श्रेय अपने प्रधानाचार्य सहित अध्यापकों को देते हैं, विद्यालय मजारी के स्टाफ ने दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए एक संक्षिप्त जलपान पार्टी का आयोजन कर बधाई दी, प्रधानाचार्य ने दोनों कक्षाओं में प्रथम रहने वाले तनवीर, और सिमरनजीत कौर दोनों को पांच सौ, पांच सौ रुपए और एक पेन ईनाम स्वरूप प्रदान किए तथा अंग्रेजी विषय में 100में से 99 अंक हासिल करने वाली चरणप्रीत कौर को भी नकद 500रुपए मैडम नीलम ने भी अपनी ओर से पलक को 500रूपये और एक पेन भेंट कर उनकी मेहनत को सराहा तथा भविष्य में और मेहनत करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य नीलम धीमान, प्रवक्ता अंग्रेजी अनुराधा शर्मा, राजेश शर्मा, गुरदीप सिंह अध्यापकों में हरप्रीत कौर, सतनाम कौर, रेखा अत्री,रेणु शर्मा, प्रमोद ठाकुर, शैली अग्निहोत्री दलजीत सिंह, डिंपी, शीला, दर्शना कौर सहित सभी उत्तीर्ण हुए विद्यालय विद्यार्थि उपस्थित रहे।



# विधायक कटारिया ने लिंक रोड के जीर्णोद्धार की आधारशिला रखी

**जीरा, 11 मई (अंग्रेज बराड़)** - मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के कुशल नेतृत्व में पंजाब के गांवों में चल रहे संपर्क मार्गों के नवीनीकरण के तहत, जीरा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक श्री नरेश कटारिया ने आज वाडा वारयाम सिंह गांव से जॉयियां वालन गांव तक जाने वाले संपर्क मार्ग की आधारशिला रखी! इस अवसर पर बोलते हुए विधायक नरेश कटारिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में जीरा निर्वाचन क्षेत्र सहित पूरे पंजाब में रिकॉर्ड तोड़ कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार ने जनता से किए गए हर वादे को पूरा किया है। सरपंच जुगराज सिंह, इकबाल सिंह सोढ़ी वाला चेयरमैन मार्केट कमेटी जीरा, मेजर सिंह भुल्लर यूएसडी विधायक, सरपंच सुखदेव सिंह मानकियांवाला, कुलवीर सिंह जेई, निरवैर सिंह होलावाली, तजिंदर सिंह मरूर, चानन सिंह शुशाक, सतनाम सिंह विरका वाली, बलजिंदर सिंह खोसा दल सिंह वाला, तजिंदर सिंह मारूर, बलजीत सिंह कोठे, सरपंच तीरथ सिंह बराड़ फेरोके, सरपंच सरबजीत सिंह गिल, सरपंच गुरप्रीत सिंह बराड़ महियां वाला शिलान्यास-लोकार्पण समारोह के अवसर पर कलान आदि उपस्थित थे।

# जनसंपर्क कर्मी कश्मीरी देवी सेवानिवृत्त, डीपीआरओ कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित

» प्रथम न्यूज । बिलासपुर

11 मई (जितेंद्र गौतम/धर्मपाल)



जिला लोक सम्पर्क अधिकारी (डी.पी.आर.ओ.) कार्यालय बिलासपुर में कार्यरत कश्मीरी देवी के राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को कार्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समूचे कार्यालय परिवार ने भावुक मन से उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग राजीव कुमार ने कश्मीरी देवी की सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएँ दीं तथा सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर जिला लोक सम्पर्क अधिकारी राजेश जसवाल ने कहा कि कश्मीरी देवी ने अपने सेवाकाल में सदैव कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया। उन्होंने विभागीय कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए सभी के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखा।

उन्होंने बताया कि कश्मीरी देवी ने लगभग 26 वर्ष लंबे सेवाकाल के दौरान विभाग में निष्ठा, समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी बेहतरीन सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने बताया कि कश्मीरी देवी ने दिसंबर 2001 में बतौर अंशकालिक कर्मी अपनी सेवाएं आरंभ की, जून 2012 में दैनिक वेतनभोगी कर्मी बनीं तथा मई 2017 से नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्य किया। विभाग को दी गई उनकी बहुमूल्य सेवाओं को स्मरण करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्य-व्यवहार और सेवाओं की सराहना की। समारोह के दौरान विभाग की ओर से कश्मीरी देवी को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कश्मीरी देवी के पति गोपाल दत्त, अन्य परिजनों सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ए जी आई वीकली क्रिकेट लीग चैम्पियनशिप

## ए जी आई जालंधर हाइट्स क्लब 1 ने ए जी आई वीकली लीग मैच जीता

» प्रथम न्यूज । जालंधर

11 मई (डोगरा)



जालंधर हाइट्स-1, 66 फुट रोड, जालंधर स्थित ग्राउंड में खेले गए ए जी आई वीकली क्रिकेट लीग मैच में जालंधर हाईट्स 1,की क्रिकेट टीम के श्री सुरिंदर को मैच का सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर घोषित किया गया।

आज का मुकाबला ए जी आई क्लब जालंधर हाइट्स-1 और अरबाना क्रिकेट टीमों के बीच खेला गया, जिसमें ए जी आई जालंधर हाइट्स-1 क्लब ने 41 रनों से जीत हासिल की।

ए जी आई जालंधर हाइट्स-1 क्रिकेट टीम ने 99 रन बनाए, जबकि अरबाना क्रिकेट टीम 58 रन ही बना सकी।

टॉस जीतने के बाद ए जी आई जालंधर हाइट्स-1 क्लब ने बल्लेबाजी शुरू की। टीम के बल्लेबाज श्री सुरिंदर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अकेले 24 रन बनाए, जिसमें दो छक्के और चार चौके शामिल थे। श्री कोमल ने 17 रन, कुलदीप ने 13 रन, प्रकाश ने 6 रन तथा दिलावर और ललित ने 5-5 रन बनाए। 99 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अरबाना क्रिकेट टीम केवल 58 रन ही बना सकी। टीम की ओर से श्री सुखपाल ने सर्वाधिक 20 रन बनाए। इसके अलावा श्री पवन ने 11 रन, श्री बलबीर ने 6 रन, जसमिन ने 3 रन और सौरव ने 2 रन बनाए।

ए जी आई जालंधर हाइट्स-1 क्लब के श्री अर्जुन ने दो विकेट लेकर मैच के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब हासिल किया। अरबाना टीम के श्री बलबीर ने भी 2 विकेट लिए। ए जी आई इंफ्रा लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सरदार सुखदेव सिंह ने अपनी उपस्थिति से दोनों टीमों का उत्साहवर्धन किया तथा भाग लेने वाली टीमों को हर प्रकार की सहायता देने का आश्वासन दिया।

सरदार सुखदेव सिंह ने खिलाड़ियों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए सभी प्रकार के नशों और ड्रग्स से दूर रहने की सलाह भी दी।

# बंगाणा के अगलौर स्थित 10 मेगावाट सौर परियोजना का वर्ल्ड बैंक टीम ने किया निरीक्षण

» प्रथम न्यूज । बंगाणा

11 मई (जोगिंद्र देव आर्य)



उपमंडल बंगाणा के अगलौर में स्थित 10 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना का आज वर्ल्ड बैंक की टीम द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परियोजना से संबंधित तकनीकी, प्रशासनिक और संचालन व्यवस्था का गहन अध्ययन किया गया। इस अवसर पर वर्ल्ड बैंक की टीम में सुरभि गोयल, पीयूष डोगरा, मृदुला सिंह तथा जैकलिन तू विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से अजय जस्ता, अनिकेत सूद तथा विशाल शर्मा निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। अधिकारियों ने परियोजना की कार्यप्रणाली, उत्पादन क्षमता और भविष्य की योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी टीम के समक्ष प्रस्तुत की। प्रशासनिक अधिकारी देव राज सांखला ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ल्ड बैंक की टीम ने परियोजना से जुड़ी व्यवस्थाओं और तकनीकी पहलुओं की गहराई से समीक्षा की। उन्होंने बताया कि निरीक्षण में परियोजना की प्रगति, कार्य प्रणाली और ऊर्जा उत्पादन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि टीम परियोजना की व्यवस्थाओं और कार्य निष्पादन से संतुष्ट नजर आई।

**वर्ल्ड बैंक टीम के दौरे से मिले नए अनुभव, अधिकारियों ने जताया संतोष** - परियोजना प्रबंधक वाम प्रकाश डोगरा ने कहा कि वर्ल्ड बैंक की टीम के दौरे से परियोजना से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को काफी कुछ सीखने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि टीम ने ऊर्जा क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों, बेहतर प्रबंधन और भविष्य की संभावनाओं को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा परियोजनाएं पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ऐसे अंतरराष्ट्रीय निरीक्षण और विशेषज्ञों के सुझाव भविष्य में परियोजना को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

निरीक्षण के दौरान परियोजना स्थल पर विभिन्न तकनीकी इकाइयों का अवलोकन भी कराया गया। अधिकारियों ने सौर ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया, नियंत्रण प्रणाली और रखरखाव व्यवस्था की जानकारी दी। वर्ल्ड बैंक की टीम ने परियोजना के संचालन और कार्यशैली की सराहना की,कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी देव राज सांखला ने सभी अतिथियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड बैंक की टीम का यह दौरा परियोजना के लिए प्रेरणादायक और उपयोगी साबित होगा। साथ ही उन्होंने सभी मेहमानों का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग और मार्गदर्शन की उम्मीद जताई।

## संक्षिप्त न्यूज

### नेपाल में लैंडिंग के दौरान विमान के टायर में लगी आग

**काठमांडू एयरपोर्ट पर बाल-बाल बची 278 यात्रियों की जान**



**काठमांडू( एजेंसी )**- काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार तड़के सुबह उतरते समय तुर्की एयरलाइंस के एक विमान के टायरों में अचानक आग लग गई। पुलिस ने पुष्टि की है कि सभी 278 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

इस्तांबुल से काठमांडू जा रही एक फ़्लाइट के लैंडिंग के समय दाई ओर के टायरों में अचानक आग लग गई, जिसके बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने और बचाने का काम शुरू किया गया। कॉल साइन ज्ञ्य726 वाला यह विमान इस्तांबुल से काठमांडू जा रहा था और लैंडिंग के समय इसके टायर में आग लग गई थी।

फायर इंजन की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एयरपोर्ट सुरक्षा के एसपी राजकुमार सिलावल ने फोन पर बातचीत में बताया। अधिकारी के अनुसार फ़्लाइट में कुल 278 यात्री और 11 क्रू सदस्य सवार थे। यात्रियों में संयुक्त राष्ट्र के कुछ अधिकारी भी शामिल थे। इस घटना में किसी भी यात्री को चोट नहीं लगी, लेकिन सभी यात्रियों को आपातकालीन दरवाजों के जरिए बाहर निकाला गया।

### राष्ट्रीय क्रांति पार्टी (अंबेडकर) द्वारा शिरोमणि अकाली दल को बिना शर्त समर्थन का ऐलान

**हल्का इंचार्ज होशियारपुर संजीव तलवाड़ ने निभाई अहम भूमिका**

**होशियारपुर( तरसेम दीवाना )**- राष्ट्रीय क्रांति पार्टी (अंबेडकर) ने आने वाले नगर निगम और विधानसभा चुनावों में शिरोमणि अकाली दल को पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया है।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिंगारा सिंह कल्याण ने अपनी कोर कमेटी सहित शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल से मुलाकात की और पार्टी को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया। इस राजनीतिक तालमेल को सफल बनाने में हल्का इंचार्ज होशियारपुर संजीव तलवाड़ ने अहम भूमिका निभाई।

इस मौके पर शिंगारा सिंह कल्याण ने कहा कि स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल ने अनुसूचित जातियों, विशेषकर वाल्मीकि समाज की भलाई के लिए जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं, उनका ऋण वाल्मीकि समाज कभी नहीं चुका सकता। उन्होंने कहा, हम शिरोमणि अकाली दल को समर्थन देकर बादल की सेवाओं को राजनीतिक श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने सुखबीर सिंह बादल के समक्ष मांग रखी कि आने वाली अकाली सरकार के दौरान मजहबी सिखों के सामाजिक और राजनीतिक उत्थान के लिए विशेष प्रयास किए जाएं, ताकि यह पिछड़ा समाज भी सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर सके। सुखबीर सिंह बादल ने इस समर्थन का स्वागत करते हुए कहा कि शिरोमणि अकाली दल हमेशा सभी धर्मों और वर्गों का सम्मान करता आया है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक एन.के. शर्मा, राजिंदर अटवाल (राष्ट्रीय वाइस अध्यक्ष), दीपक घई (राष्ट्रीय महासचिव) तथा राष्ट्रीय क्रांति पार्टी (अंबेडकर) की कोर कमेटी के सदस्य, पंजाब के दोआबा, माझा और मालवा क्षेत्रों के अनेक प्रमुख नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



# पंजाब की भाईचारक सांझ तोड़ने वालों को नहीं छोड़ेंगे : भगवंत मान

## *कहा, नफरत की राजनीति पंजाब में नहीं चलेगी, लोग रहें एकजुट, बेअदबी के दोषियों को नहीं मिलेगी कानून की ढील*

» प्रथम न्यूज । श्री मुक्तसर साहिब
11 मई ( एएम नाथ )



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा है कि पंजाब की अमन-शांति, सांप्रदायिक सद्भाव और भाईचारक सांझ को किसी भी कीमत पर भंग नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि फूट डालने वाली ताकतें पंजाब में कभी सफल नहीं होंगी, क्योंकि पंजाब की मिट्टी में नफरत और दुश्मनी के अलावा सब कुछ पैदा हो सकता है।

गिदड़बाहा हलके के गांव साहिब चंद में आयोजित लोक मिलनी कार्यक्रम के दौरान भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ ताकतें राजनीतिक लाभ के लिए पंजाब को फिर से काले दौर की ओर धकेलने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसी ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर पंजाब की शांति और सामाजिक भाईचारे की रक्षा करें। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसकी राजनीति समुदायों के बीच फूट डालने के इर्द-गिर्द घूमती है, जबकि पंजाब की पहचान सभी धर्मों और त्योहारों को मिल-जुलकर मनाने की रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग इस तरह की विभाजनकारी राजनीति को पूरी तरह खारिज करेंगे।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार संशोधन अधिनियम, 2026 का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह कानून सुनिश्चित करेगा कि बेअदबी के दोषी कानून की खामियों का फायदा उठाकर सजा से बच न सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कई आरोपी मानसिक बीमारी का हवाला देकर कानूनी कार्रवाई से बच जाते थे, लेकिन अब नए कानून में ऐसी कमियों को दूर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यदि किसी आरोपी को मानसिक रोगी घोषित किया जाता है तो उसके अभिभावकों या देखभाल करने वालों को भी कानूनी जिम्मेदारी का सामना करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि गंभीर मामलों में दोषियों को उम्रकैद तक की सजा हो सकती है और कम से कम दस वर्षों तक जमानत नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह कानून कानूनी विशेषज्ञों से विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है ताकि भविष्य में कोई कमी न रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब महान गुरुओं, संतों और पीरों की धरती है, जिसने हमेशा प्रेम, सहनशीलता और एकता का संदेश दिया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पंजाब की शांति, विकास और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए मिलकर काम करें।

# पंचकूला में वोटों की गिनती से पहले सियासी बवाल

## आरोप- जहां EVM मशीनें रखीं, उस स्ट्रांग रूम के CCTV कैमरे बंद किए गए



» प्रथम न्यूज । पचंकूला
11 मई ( पुनीत महाजन )

पंचकूला नगर निगम चुनाव की वोटिंग एक दिन पहले संपन्न हो चुकी है। लेकिन वोटिंग के अगले दिन ही एक नया सियासी बवाल खड़ा हो गया है।

यह बवाल श्वङ्करूमशीनों की सुरक्षा से छेड़छाड़ और गड़बड़ी किए जाने के आरोप को लेकर मचा है। दरअसल सेक्टर-14 स्थित स्टेट गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम के CCTV कैमरे करीब ढेढ घंटे तक बंद मिलने की जानकारी सामने आने के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया।

जानकारी मिलते ही कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी नेता तुरंत मौके पर जुटने लगे। वहीं जायजा लेने के लिए पंचकूला के विधायक चंद्रमोहन भी मौके पर पहुंचे। इस बीच कांग्रेस मेयर उम्मीदवार सुधा भारद्वाज ने जानबूझकर सीसीटीवी कैमरों के बंद किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में यह दावा किया कि स्ट्रांग रूम के कैमरे बंद किए गए हैं और यह गड़बड़ी की ओर इशारा करता है।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने बताया है कि यह तकनीकी समस्या है, जो एक डेढ़ घंटे में ठीक हो जाएगी। लेकिन CCTV कैमरों के बंद होने का मतलब है की नियत साफ नहीं है और बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए यह सब किया जा रहा है। सुधा भारद्वाज ने बताया कि रविवार और सोमवार की देर रात करीब डेढ़ बजे तक स्ट्रांग रूम में एवीएम मशीनों को रखा गया था। वह भी तब वहीं मौजूद रहीं। तब सीसीटीवी कैमरे चल रहे थे।

उन्हें बताया गया था कि स्ट्रांग रूम में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज आसपास लगवाए गए एलईडी पर देखी जा सकती है। उन्होंने खुद इसे सुनिश्चित भी किया। रात को सभी के हस्ताक्षर भी करवाए थे। लेकिन सुबह होने पर स्ट्रांग रूम के कैमरे बन्द थे। उन्होंने आरोन लगाया कि यह गड़बड़ी की ओर इशारा करता है, जिसकी प्रशासन को जांच करनी चाहिए और इस मामले में कार्रवाई होनी चाहिए। इधर मामला बढ़ता देख इलेक्शन ऑब्जर्वर और प्रशासनिक अधिकारी भी स्ट्रांग रूम स्थल पर पहुंचे और नेताओं को समझाने का प्रयास किया गया। फिलहाल प्रशासन की ओर से कैमरों को बंद होने के कारणों को लेकर आधिकारिक बयान का इंतजार किया जा रहा है, जबकि विपक्षी प्रत्याशी लगातार ईवीएम सुरक्षा और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर सवाल उठा रहे हैं। विपक्षी नेताओं ने स्ट्रांग रूम के कैमरों के अचानक खराब होने के पीछे बड़ी साजिश की आशंका जताई है।

# दुनिया की टॉप 100 यूनिवर्सिटियों में शामिल हुई गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी : प्रो. कर्मजीत सिंह

**ग्लोबल इनोवेशन रैंकिंग में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी ने रचा इतिहास**

» प्रथम न्यूज । अमृतसर
11 मई ( साहिब दयाल )



गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए प्रतिष्ठित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स फॉर इनोवेशन में यूनिवर्सिटी ब्रांड एंड रिप्यूटेशन श्रेणी में विश्व स्तर पर 78वीं रैंक प्राप्त की है। इस मान्यता ने जहां गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी को दुनिया की अग्रणी नवाचार आधारित यूनिवर्सिटियों में शामिल किया है, वहीं यह भी साबित किया है कि आज जीएनडीयू एक मजबूत वैश्विक अकादमिक ब्रांड के रूप में उभरी है। गौरतलब है कि जीएनडीयू उन चुनिंदा भारतीय सरकारी विश्वविद्यालयों में शामिल है जिन्हें यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। यह रैंकिंग्स 7 मई 2026 को इंस्टीट्यूट फॉर पॉलिसी एंड स्ट्रैटेजी ऑन नेशनल कॉम्पिटिटिवनेस तथा वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स फॉर इनोवेशन के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय अकादमिक संस्थाओं के सहयोग से घोषित की गई थीं।




इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वाइस-चांसलर प्रो. करमजीत सिंह ने कहा कि यह सम्मान विश्वविद्यालय से जुड़े फैकल्टी, विद्यार्थियों, एलुमनी, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सभी हितधारकों के समर्पण, मेहनत और दूरदर्शी प्रयासों का सामूहिक परिणाम है। उन्होंने कहा कि आधुनिक वैश्विक अकादमिक वातावरण में एक मजबूत विश्वविद्यालय बनने के लिए नवाचार, उच्च गुणवत्ता वाला शोध, सामाजिक सहभागिता, अकादमिक उत्कृष्टता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग अत्यंत आवश्यक हैं, और जीएनडीयू इन सभी दिशाओं में लगातार कार्य कर रही है।उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार, दुनिया भर के एलुमनी, अकादमिक एवं प्रशासनिक स्टाफ, मीडिया समुदाय, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के निरंतर सहयोग और योगदान के लिए हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने विशेष रूप से प्रो. जतिंदर कौर, डायरेक्टर आईक्यूएसी और उनकी टीम को इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मान्यता को हासिल करने के लिए उनके समर्पित प्रयासों तथा सुनियोजित और प्रभावी कार्यशैली के लिए बधाई दी और विश्वविद्यालय को विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धी संस्थान बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि यह मान्यता विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता, नवाचार और राष्ट्र निर्माण की दिशा में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी।

प्रो. करमजीत सिंह ने यह भी कहा कि बदलते वैश्विक अकादमिक परिदृश्य और राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय पहचान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध उत्कृष्टता, उद्यमिता, स्किल डेवलपमेंट और सामाजिक परिवर्तन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# हलका पूर्वी में दिनेश बस्सी बोले, युवाओं का भविष्य सुरक्षित करना जरूरी है, लोगों की समस्याएं सुनीं

## पूर्वी हलका विकास के इंतजार में, बैठक में लोगों ने उठाए गंदगी और टूटी सड़कों के मुद्दे

» प्रथम न्यूज । अमृतसर
11 मई ( साहिब दयाल )



हलका पूर्वी में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ओर इंफ्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चयन दिनेश बस्सी की ओर से एक प्रभावशाली बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और जनहित से जुड़े अहम मुद्दों को उठाया गया। बैठक के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। पार्षद सिंदर बिड़लान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए दिनेश बस्सी ने पंजाब में बढ़ते नशे, बिगड़ती कानून व्यवस्था और युवाओं के भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में उद्योग और आईटी हब स्थापित किए जाने चाहिए ताकि युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि अगर पंजाब को बचाना है तो युवाओं को बचाना होगा। बैठक में इलाके में गंदे पानी, कूड़े की समस्या, विकास कार्यों की धीमी गति और पार्षदों द्वारा लोगों की समस्याओं की अनदेखी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। वहीं मोहल्ला क्लीनिकों में डॉक्टरों की कमी का मामला उठाते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की मांग की गई। इस दौरान महिलाओं को रोजगार से जोड़ने और बड़ी कंपनियों में अवसर उपलब्ध करवाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। बस्सी ने कहा कि पंजाब को दोबारा रंगला पंजाब बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर काम करना होगा। बैठक में शिंदर बिड़लान, अमन , बंटी जी, रॉकी, राणा, शाह जी, कुँवर, नितिन अमर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पंजाब सरकार को पेंशनभोगियों के खातों में पेंशन जमा करने के लिए बैंकों को समय पर धनराशि जारी करनी चाहिए : पेंशनभोगी नेता

## 17 मई को आयोजित होने वाले यूनाइटेड फंट पंजाब के जालंधर प्रांतीय सम्मेलन में भाग लेने का निर्णय



» प्रथम न्यूज । फगवाड़ा
11 मई ( कुलदीप सिंह )

पंजाब पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन फागवारा की मासिक बैठक अध्यक्ष मोहन सिंह भट्टी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। एसोसिएशन के महासचिव और पंजाब स्टेट पेंशनर्स कन्फेडरेशन (रजिस्टर्ड) के राज्य सहायक प्रेस सचिव कुलदीप सिंह कौरा ने बैठक का संचालन करते हुए बताया कि 08/05/2026 को संयुक्त सरकारी पेंशनर्स फ्रंट पंजाब द्वारा वित्त एवं योजना विभाग के पेंशन वितरण एवं लेखा उप निदेशक के साथ आयोजित राज्य स्तरीय बैठक का विवरण साझा करते हुए उन्होंने कहा कि जिन पेंशनभोगियों ने अभी तक अपने डिजिटल लाइव सर्टिफिकेट अपडेट नहीं कराए हैं, उन्हें जल्द से जल्द अपने सर्टिफिकेट अपडेट करा लेने चाहिए ताकि भविष्य में पेंशन खातों को लेकर कोई समस्या न हो। उन्होंने यह भी कहा कि जिन सदस्यों का एलटीसी (लॉन्ग-टाइम पेंशन) बकाया है, उन्हें पेंशन पोर्टल पर अपना एलटीसी अपडेट करा लेना चाहिए ताकि वे एलटीसी प्राप्त कर सकें। बैठक में उपस्थित नेताओं ने अप्रैल महीने की पेंशन पेंशनभोगियों के खातों में जमा होने में हुई देरी और पेंशनभोगियों को हुई असुविधा की संयुक्त रूप से निंदा की और मांग की कि भविष्य में पंजाब सरकार समय पर संबंधित बैंक को आवश्यक धनराशि भेजे ताकि पेंशनभोगियों को समय पर पेंशन खातों में जमा हो सके और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक की शुरुआत में, मई महीने में जन्मदिन वाले सदस्यों को जन्मदिन की बधाई दी गई और उनके अच्छे स्वास्थ्य और सुखमय दीर्घायु की कामना की गई। पुनर्गठन के नाम पर पिछले तीन वर्षों से कार्यरत 4161 शिक्षकों को बर्खास्त करने के नोटिस जारी करने की कड़ी निंदा करते हुए, उन्होंने पंजाब सरकार से मांग की कि इन शिक्षकों को गृह भेजने के बजाय, उन्हें विधानसभा में पारित करके विद्यालयों में रिक्त पदों पर तैनात किया जाए।

बैठक में विधानसभा चुनावों के बाद बंगाल में सत्ताधारी दल द्वारा की जा रही तोड़फोड़ और गुंडागर्दी की कड़ी निंदा की गई और मांग की गई कि इसे तत्काल रोका जाए और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाया जाए तथा भाईचारे को मजबूत किया जाए। प्रेस सचिव शीतल राम बंगा ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में पंजाब सरकार ने उच्च न्यायालय के उस आदेश के विरुद्ध एलपीए (अस्थायी वेतन आदेश) लगाए जाने की कड़ी निंदा की, जिसमें कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को 30 जून तक महंगाई भत्ता (डीए) और बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर पंजाब कर्मचारी एवं पेंशनभोगी संयुक्त मोर्चा द्वारा 17 मई को जालंधर स्थित देश भगत यादगार हॉल में आयोजित राज्य सम्मेलन में भाग लेने का निर्णय लिया गया। पिछले संघर्षों में संगठन की भागीदारी पर संतोष व्यक्त किया गया। संगठन के वित्त सचिव गुरनाम सिंह सैनी ने बैठक में उपस्थित सदस्यों के साथ आय और व्यय का विवरण साझा किया और किए गए खर्चों को प्रस्तुत किया। वित्त सचिव ने संगठन के सदस्यों से संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और वर्ष 2026 के लिए संघर्ष निधि को जल्द से जल्द जमा करके एक जिम्मेदार सदस्य होने पर गर्व महसूस करने की अपील की।

बैठक के अंत में, अध्यक्ष मोहन सिंह भट्टी ने उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद देते हुए घर पर बैठे सदस्यों से विनम्रतापूर्वक अपील की कि वे एसोसिएशन के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए मासिक बैठक और अन्य आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लें ताकि सरकार पर मांगों को स्वीकार करने का दबाव बनाया जा सके। बैठक में मोहन सिंह भट्टी, प्रमोद कुमार जोशी, कृष्ण गोपाल चोपड़ा, गुरनाम सिंह सैनी, सतपाल सिंह खटकर, शीतल राम बंगा, के.के. पांडे, जगदीश कलेर, प्यारा राम जस्सी, हरभजन लाल कौल, जोगिंदर सिंह, रतन सिंह गोरैया, कुलदीप सिंह कौरा आदि उपस्थित थे। इत्यादि पेंशनभोगी साथी भी शामिल हुए।

## पंजाब बोर्ड 10वीं का रिजल्ट जारी

# लड़कियों का रहा दबदबा, फरीदकोट की हरलीन शर्मा स्टेट टॉपर




» प्रथम न्यूज । मोहाली
11 मई ( एएम नाथ )

पंजाब स्टेट एजुकेशन बोर्ड (PSEB) ने सोमवार (11 मई) को 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। PSEB के चेयरमैन ने प्रेस वार्ता कर रिजल्ट की घोषणा की। इस बार पंजाब 10वीं के रिजल्ट में 94.52 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे। वहीं एक बार फिर लड़कियों का दबदबा देखने को मिला है। फरीदकोट की हरलीन शर्मा ने पंजाब भर में टॉप किया है। हरलीन शर्मा ने 650 में से 646 नंबर हासिल किए। यानि हरलीन 99.38% मार्क्स लाकर स्टेट टॉपर बनीं। हरलीन के बाद पंजाब भर में दूसरे नंबर पर रहने वाले रोपड़ के मनी महेश शर्मा हैं।

रोपड़ के मनी महेश शर्मा ने 650 में से 645 नंबर हासिल किए हैं। यानि 99.23% मार्क्स। इसी तरह होशियारपुर की रिया रानी को पंजाब भर में तीसरा स्थान मिला है। हालांकि रिया रानी और मनी महेश शर्मा के नंबर बराबर ही हैं। रिया रानी ने भी 650 में से 645 नंबर हासिल किए हैं। लेकिन बोर्ड की नीति के अनुसार, मनी महेश शर्मा की उम्र कम होने के चलते उसे दूसरा स्थान दिया गया है। इस तरह से पंजाब में टॉप-3 में रहे ये 3 स्टूडेंट्स शामिल हैं। जिनमें हरलीन शर्मा का पहला स्थान है।




**लड़कियों का पासिंग पर्सेंटेज 95.96 प्रतिशत**

पंजाब बोर्ड की तरफ से बताया गया कि इस साल 1,27,753 लड़कियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था और 1,22,595 लड़कियां पास हुई हैं। इस तरह से लड़कियों का पासिंग पर्सेंटेज 95.96% रहा है। जबकि 10वीं की परीक्षा में 1,41,746 लड़कों ने हिस्सा लिया था। जिसमें से 1,32,143 लड़के पास हुए हैं। इस तरह से लड़कों का पासिंग पर्सेंटेज 93.23% रहा है। यानि लड़कियों के सामने लड़के फिसड्डी रहे हैं और लड़कियों ने लड़कों से आगे रहते हुए फिर से बाजी मारी है।

### मेरिट लिस्ट में आए 272 स्टूडेंट्स

PSEB के अनुसार, इस बार मेरिट लिस्ट में 272 स्टूडेंट्स ने जगह पाई हैं। जिसमें 52 लड़के और 220 लड़कियां शामिल हैं।

मेरिट लिस्ट में जिन 5 जिलों के ज्यादा बच्चे शामिल हैं, उनमें लुधियाना, अमृतसर, होशियारपुर, संगरूर, जालंधर जैसे जिले हैं। वहीं पास पर्सेंटेज में जिन जिलों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा है, उनमें अमृतसर, फिरोजपुर, पठानकोट, तरनतारन और गुरदासपुर जैसे जिले हैं।

वहीं PSEB की तरफ़ से बताया गया कि अर्बन एरिया की पास पर्सेंटेज 92.98% रही है। जबकि रुरल एरिया की पास पर्सेंटेज 95.35% रही है। इसी तरह सरकारी स्कूलों की पास पर्सेंटेज 94.45% रही है और गैर सरकारी स्कूलों की 95.97% रही है। वहीं 13,126 स्टूडेंट्स की सप्ली आई है और वह दोबारा परीक्षा देंगे।

जबकि पंजाब 10वीं परीक्षा 2026 में 1,593 छात्र सफल यानि पास नहीं हो पाये हैं।